आपके भीतर जैसी सोच चलती है, आप जीवन में वैसे ही बनते हैं, इसलिए अच्छा सोचिए और अच्छा बनिए। सफल होने के लिए सकारात्मक कर्म करते रहिए।

yashbharat.co.in

हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें

नये जमाने के साथ..

# यश भारत

● वर्ष- 17 अंक 173 ● कटनी ● मंगलवार, 25 जुलाई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● प्रथम श्रावण मास शुक्ल पक्ष 9 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935




रोहित शर्मा की टेस्ट में... पेज 7

## आज का मौसम

आज सुबह का तापमान

25.4 डिसे

दोपहर 12 बजे तक

30. डिसे

बारिश होगी

## » न्यूज गैलरी

### तत्काल बुकिंग के दौरान ही ठप पड़ी साइट, एप भी नहीं हो रहा ओपन

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन की सेवाएं ठप हो गई हैं। ढ्ढक्रष्टञ्ज की वेबसाइट आज यानी 25 जुलाई की सुबह करीब बजे से ठप है जिससे यूजर्स को काफी परेशानी हो रही है, क्योंकि तत्काल टिकट की बुकिंग का भी यही समय है। ढ्ढक्रष्टञ्ज की वेबसाइट की तरह ही ढ्ढक्रष्टञ्ज का एप भी ठप पड़ा है। ढ्ढक्रष्टञ्ज की वेबसाइट पर मैसेज आ रहा है कि मेंटनेंस के कारण साइट की सेवा बंद है।

### बारिश की वजह से ड्रॉ पर खत्म हुआ दूसरा टेस्ट, पांचवें दिन नहीं फेंकी जा सकी एक भी गेंद

स्पेन ● एजेंसी
yashbharat.co.in

पांचवें दिन लगातार होती रही बारिश क्लीन स्विप से चूकी भारतीय टीम भारत को हुआ 20 अंकों का नुकसान डिजिटल डेस्क, पोर्ट ऑफ स्पेन। भारत और वेस्ट इंडीज के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन बारिश ने भारतीय टीम के मंसूबो पर पानी फेर दिया। दूसरा टेस्ट जीतने से महज 8 विकेट दूर भारतीय टीम को बारिश की वजह से ड्रॉ से ही संतोष करना पड़ा। इस ड्रॉ के साथ ही भारतीय टीम ने दो मैच की इस टेस्ट सीरीज को 1-0 से अपने नाम किया और वेस्ट इंडीज के खिलाफ लगातार नौवीं टेस्ट सीरीज पर कब्जा जमाया। पांचवें दिन नहीं शुरू हुआ मैच मुकाबले के चौथे दिन 365 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेजबान टीम ने महज 76 रनों पर अपने दो बल्लेबाजों को गवां दिया था। लेकिन पांचवें दिन बारिश की वजह से एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी और मुकाबला ड्रॉ पर खत्म हुआ। इस ड्रॉ की वजह से वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप में भारतीय टीम को 20 अंको का नुकसान हुआ क्योंकि मैच ड्रॉ होने पर दोनों टीमों को 4-4 अंक दिए जाते हैं।

### कॉलर आईडी से कूनो में चीतों को नहीं हुआ संक्रमण

भोपाल ● यशभारत
yashbharat.co.in

भारत में विलुप्त हुए चीतों को फिर से बसाने के लिए भारत सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं. इसके तहत अफ्रीकी देश नामीबिया से कुछ चीतों को भारत लाया गया था. इन्हें मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में छोड़ा गया था. इनपर नजर रखने और निगरानी के लिए इन चीतों के गलों पर कॉलर आईडी लगाया गया था. कूनो लाए गए कई चीतों की पिछले कुछ सप्ताहों में मौत हो चुकी है, जबकि कुछ के गले पर इंफेक्शन पाए गए हैं. संक्रमण की वजह से उनके गलों पर गहरे जख्म मिले हैं. कई विशेषज्ञों ने कॉलर आईडी को इसकी वजह बताया है. इन विशेषज्ञों का कहना है कि रेडियो कॉलर आईडी की वजह से चीते संक्रमित हो रहे हैं और उनकी मौत हो रही है. अब मध्य प्रदेश के नवनियुक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक असीम श्रीवास्तव ने चौंकाने वाला दावा किया है. उनका कहना है कि चीतों में संक्रमण की वजह कॉलर आईडी नहीं है।

### मणिपुर हिंसा का पहला मृतक 21 साल का स्टूडेंट, परिवार को अब तक शव नहीं मिला

इंफाल ● एजेंसी
yashbharat.co.in

मणिपुर ढाई महीने से हिंसा की आग में झुलस रहा है। जिसमें अब तक 160 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है, जबकि 419 लोग घायल हुए हैं। मणिपुर हिंसा में पहली मौत 4 मई 2023 को हुई थी।मृतक की पहचान 21 साल के स्टूडेंट हंगलालमुआन वैफेई के रूप में हुई। उसे सीएम बीरेन सिंह के खिलाफ सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के आरोप में 4 मई को गिरफ्तार किया गया था।चुराचांदपुर में जब पुलिस उसे लेकर जेल जा रही थी, तभी रास्ते में 800 लोगों ने गाड़ी को रोक लिया। भीड़ देखकर पुलिसकर्मी भाग गए और भीड़ ने हंगलालमुआन की पीट-पीटकर हत्या कर दी।परिजन ने बताया- पुलिस कह रही है कि वैफेई का शव इंफाल मॉर्चुरी में है, लेकिन हिंसा के बीच हम इंफाल नहीं जा सके।

# तेंदूखेड़ा का पौड़ी जलाशय फूटा, प्रशासन ने खाली कराए गांव

दमोह ● यशभारत
yashbharat.co.in



मंगलवार की सुबह तेंदूखेड़ा का पौड़ी जलाशय फूटने से आए सैलाब में दो ग्राम में मकान, खेत खलियां के साथ घर गृहस्थी का सामान भी डूब गया। बचाव दल के साथ पुलिस प्रशासन पहले ही मौके पर पहुंच गया था इसलिये जनहानि नहीं हो पाई। अधिकारियों ने लोगों को निकालकर दूसरी जगह भेज दिया था। मंगलवार सुबह तालाब फूटा तो मोके पर मौजूद अधिकारी पुलिस कर्मी भी पानी के तेज बहाव को देखकर दंग रह गए। सोमवार को जब ग्राम पौड़ी के लोग तालाब के पास पहुँचे तो उसमें सुराग दिखा जिसकी सूचना जल संसाधन विभाग को दी गई जल संसाधन विभाग के साथ तहसीलदार मोनिका वाघमारे और सोमवार के दिनभर, थाना प्रभारी श्याम बेन मौके पर उपस्थित रहते हुए उन्होंने पहले सुराग को बन्द करने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। उसके बाद तेंदूखेड़ा तहसीलदार मोनिका बाघमारे ने मामले से दमोह कलेक्टर मयंक अग्रवाल को अवगत कराया। उनके निर्देश पर देर रात पुलिस प्रशासन ने ग्रामों को खाली करवाना शुरू किया और तालाब फूटने के पूर्व दो ग्रामों को खाली कराया गया।

### इसलिए ग्राम पौड़ी और जेतगढ़ को खाली कराया गया

तहसीलदार मोनिका बाघमारे ने बताया कि तालाब में सुराग की सूचना मिली जिस पर तहसीलदार जल संसाधन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंची थी सुराग से पानी का बहाव कम नहीं हुआ इसलिए दमोह कलेक्टर के निर्देश पर ग्राम पौड़ी और जेतग? को खाली कराया गया। ग्रामीणों को उनके रिश्तेदार तारादेही स्कूल और अन्य सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है पुलिस प्रशासन सुरक्षा में लगे हुए। इस संबंध में कलेक्टर मयंक अग्रवाल का कहना है कि प्रसासनिक स्तर पर सभी प्रकार की तैयारियां करते हुए ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है।

### सात से आठ फीट डूबे घर

ग्राम पौड़ी और जेतगढ़ में बने घर सात से आठ फीट पानी मे डूब गए। मात्र दो से तीन फीट ही मकान पानी से बाहर दिखाई देते रहे जबकि खेत खलियान और किसानों की सामग्री सभी डूब गई। तेंदूखेड़ा एस डी एम अबिनाश रावत, तेंदूखेड़ा तहसीलदार मोनिका वाघमारे, जनपद सीईओ मनीष बागरी, तारादेही थाना प्रभारी श्याम बेन, जवेरा टीआइ इंद्रा सीग, इमलिया चौकी प्रभारी आनद अहिरवाल जिले से एस डी आर एफ की टीम के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम रात्रि में ही मौके पर पहुंच गई थी।

पहाड़ों पर आफत

# हिमाचल में टूट सकता है मलाणा डैम गेट हुए ब्लॉक, ऊपर से बहने लगा पानी

कुल्लू ● ईएमएस
yashbharat.co.in

हिमाचल प्रदेश में लगातार भारी बारिश की वजह से करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है. मॉनसून ने एक माह में ही पांच हजार करोड़ रुपये बहा दिए. कुल्लू जिले में भारी नुकसान हुआ है. अब कुल्लू के मलाणा में हाइड्रो पावर स्टेज-2 का डैम ब्लॉक हो गया है. ब्लाकेज की वजह से अब डैम के ऊपर से पानी बहन लगा है. बाढ़ और डैम टूटने की आशंका के चलते कई रिहायशी इलाकों को खाली करवाया गया है.बता दें कि सोमवार को डैम के गेट में मिट्टी, रेत और पत्थर से ब्लॉक हो गए हैं. ऐसे में पार्वती नदी के किनारे कई रिहायशी क्षेत्रों को खाली करवाया गया है. सोमवार को डैम ओवरफ्लो होकर बहने लगा तो



प्रशासन ने अलर्ट जारी किया. उधर, मंगलवार को कुल्लू की गडसा घाटी में भारी बारिश के चलते फ्लैश फ्लड आया है. दो से तीन मकानों को नुकसान होने की सूचना ही. गडसा घाटी के पंचा नाले में मंगलवार तड़के तीन बजे फ्लैश फ्लड आ गया। डीसी कुल्लू आशुतोष गर्ग ने कहा कि मलाणा हाइड्रो पावर स्टेज-2 डैम के गेट ब्लॉक होने से पानी का ओवरफ्लो हुआ है. उन्होंने कहा कि कंपनी प्रबंधन से बात हुई है. उनका यह कहना है कि गेट चोक होने की वजह से ऑपरेट नहीं कर पा रहे हैं. उन्होंने कहा कि डैम में पानी की मात्रा 30 क्यूसेक है. ऐसे में घबराने की बात नहीं है. उन्होंने कहा कि डैम फटने की संभावना को देखते हुए नीचे के क्षेत्र के लोगों को खाली करवाया गया है. पावर प्रोजेक्ट अथॉरिटी को जल्द गेट ऑपरेट करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी तरह का कोई जान माल का नुकसान ना हो सके।

### मुंबई में लैंडस्लाइड

मुंबई में अंधेरी ईस्ट इलाके चकाला की रामबाग रेजिडेंशियल सोसाइटी में रात करीब 2 बजे लैंडस्लाइड हुआ। बगल की पहाड़ी से मलबा सोसायटी की पहली मंजिल पर बने चार-पांच फ्लैटों में गिर गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन पांच से छह मकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। मौके पर चार फायर इंजन और पुलिस मौजूद है। फिलहाल नुकसान की कोई खबर नहीं है।

### बंगाल की खाड़ी में फिर पनप रहा चक्रवाती तूफान इन 12 राज्यों के लिए जारी हुआ भारी बारिश का अलर्ट

देश में कुछ दिनों से कमजोर पड़ा मानसून अगले चार दिन तक काफी उग्र होने वाला है. मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवाती तूफान की स्थिति बनी हुई, जिसके चलते कुल 12 राज्यों में भारी बारिश की संभावना जताई जा रही है. आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. तेलंगाना में अगले तीन दिन लोगों को बेवजह घरों से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी गई है. उत्तर-भारत में पहाड़ी क्षेत्रों में भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, जिसके कारण दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान से अधिक बना हुआ है. गंगा नदी भी इस वक्त उफान पर है. यही वजह है कि उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में बाढ़ का खतरा बना हुआ है.मुंबई में भारी बारिश के चलते सोमवार को जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा. मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवाती तूफान पनप रहा है. यह पश्चिम मध्य और उससे सटे उत्तर पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना हुआ है. यह तूफान समुद्र तल से 5.8 से 7.6 किमी ऊपर है, जिसके कारण 24 घंटों में यहां कम दबाव का क्षेत्र बनने का अनुमान है।

## रिश्वत के आरोप में रेलवे के डिप्टी चीफ इंजीनियर सहित तीन गिरफ्तार

भोपाल ● यशभारत
yashbharat.co.in

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) की टीम ने सोमवार को 50 हजार रुपये रिश्वत लेने-देने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें रेलवे के डिप्टी चीफ इंजीनियर एसके निगम, कंस्ट्रक्शन कंपनी का महाप्रबंधक स्तर का अधिकारी और डिप्टी चीफ इंजीनियर का सहायक कर्मचारी (टेक्नीशियन) शामिल है। पूछताछ के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) के एक अधिकारी भी हिरासत में लिया गया है। जांच एजेंसी ने देर रात तक जबलपुर, भोपाल, कटनी, छिंदवाड़ा और अन्य स्थानों में इनके कार्यालय और संबंधित अन्य जगहों पर छापेमारी कर दस्तावेज जब्त किए हैं। मामले में इनसे जुड़े अन्य लोगों से भी सीबीआइ पूछताछ करेगी। एनएचएआइ द्वारा कटनी में सड़क बनाई जा रही है। इसका काम श्रीजी इंफ्रास्टक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी कर रही है। सड़क निर्माण में रेलवे के एक पुल के चलते दिक्कत आ रही थी। इसके लिए निर्माण कंपनी को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की आवश्यकता थी।



### 50 हजार रुपये की रिश्वत

सीबीआइ की भोपाल टीम को सूचना मिली थी कि एनओसी देने के लिए जबलपुर में मुख्य रेलवे स्टेशन के पास नीलांबरी गेस्ट हाउस में रेलवे के इंजीनियर को 50 हजार रुपये की रिश्वत निर्माण कंपनी के एक अधिकारी द्वारा दी जा रही है। जांच एजेंसी की टीम भी गेस्ट हाउस के पास पहुंच गई।

### आज कोर्ट में किया जाएगा पेश

टीम ने यहां इंजीनियर के एक सहायक कर्मचारी और निर्माण एजेंसी के अधिकारी को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते-देते गिरफ्तार कर लिया। जांच एजेंसी ने इस मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपितों को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

आर्मी, एयरफोर्स और नेवी में अफसरों की कमी

## आर्मी में 2,094 मेजर और 4,734 कैप्टन की जरूरत

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in



सशस्त्र बलों के पास अफसरों की कमी है। भारतीय सेना में 2,094 मेजर कम हैं और 4,734 कैप्टन भी। युद्ध के समय में मोर्चे पर सैनिकों को इन दो रैंक के अफसर लीड करते हैं। करीब 14 लाख कर्मचारियों वाली सेना में 630 डॉक्टरों, 73 डेंटिस्ट्स और 701 नर्सों की भी कमी है। भारत सरकार ने यह जानकारी संसद में दी है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, भारतीय नौसेना और वायुसेना के पास भी समान रैंक के अफसरों का टोटा है। नेवी में 2,617 लेफ्टिनेंट कमांडर और छोटी रैंक वाले अफसरों की कमी है। भारतीय वायुसेना (IAF) में 940 फ्लाइट लेफ्टिनेंट और 881 स्क्वाड्रन लीडर की दरकार है। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने सोमवार को राज्यसभा में एक लिखित प्रश्न के जवाब में यह जानकारी दी। सरकार ने कहा कि मेजर और कैप्टन रैंक के अफसरों की कमी के पीछे कोविड-19 महामारी के दौरान च्कम भर्तीज्को जिम्मेदार माना जा सकता है। सभी कैडर में कम भर्ती हुई, अधिकतर शॉर्ट सर्विस कमिशन के जरिए।सेना, नौसेना और वायुसेना में अफसरों की कमी को दूर करने के लिए स्प्ष्ट में एंट्री को और आकर्षक बनाने की तैयारी है। इस संबंध में एक प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय के पास है।

## मणिपुर की घटना देश की एकता के लिए खतरा : विवेक तन्खा

जबलपुर ● यशभारत
yashbharat.co.in

मणिपुर की घटना को लेकर संसद में मचे बवाल के बीच आम आदमी पार्टी के सांसद को सस्पेंड किए जाने पर राज्ससभा सदस्य विवेक तन्खा ने कहा कि मणिपुर की घटना देश की एकता के लिए खतरा है। देश में महिलाओं के ऊपर जो अत्याचार हो रहे है वह दर्दनाक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संसद में जबाव देना चाहिए। लेकिन बीजेपी इन प्रश्नों से भाग रही है जो दुखद है। विवेक तन्खा ने कहा कि 1962 में चीन के साथ हुए युद्ध में पराजय हुई थी तब यह डिमांड उठी थी कि देश के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु को संसद में जवाब देना चाहिए। जिसके बाद नेहरु ने संसद में अपनी विफलता के बारे में बताया था और यह भी बताया था कि आगे हम सफल कैसे हो सकते है। आखिर प्रधानमंत्री मणिपुर में राष्ट्रपति शासन क्यों नहीं लगा रहे। देश की जनता और विपक्ष यह जानना चाहती है। वहीं, एक सवाल के जबाव में तन्खा ने मीडिया को बताया कि राहुल गांधी की सांसदी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है, उनके साथ न्याय होगा।



## संसद में विपक्ष का हंगामा जारी, लोस की कार्यवाही दोपहर तक स्थगित

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

संसद के मानसून सत्र में मणिपुर मुद्दे पर हंगामा जारी है। सरकार मणिपुर हिंसा पर चर्चा के लिए तैयार है लेकिन विपक्ष प्रधानमंत्री द्वारा संसद में बयान देने की मांग पर अड़ा है।विपक्ष के हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई है। कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया, जिसके बाद कार्यवाही को स्थगित कर दिया गया। वहीं राज्यसभा में भी विपक्ष के हंगामे के बीच कार्यवाही जारी है. सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले भाजपा ने संसद भवन में संसदीय बोर्ड की बैठक की. इस बैठक में पीएम मोदी सहित सभी केंद्रीय मंत्री और लोकसभा व राज्यसभा के सांसद मौजूद रहे। जबकि संसद में मणिपुर मुद्दे पर सरकार को घेरने के लिए विपक्ष रणनीति बनाने में जुटा है। इसी के तहत मंगलवार को विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के चैंबर में बैठक की। मणिपुर मुद्दे पर राज्यसभा में चर्चा के लिए 11 सांसदों ने स्थगन प्रस्ताव दिया है। जिन सांसदों ने स्थगन प्रस्ताव पेश किया है, उनमें राघव चड्ढा, के केशव राव, केआर सुरेश रेड्डी, जोगिनीपल्ली संतोष कुमार,



बाडगुला लिंगैया यादव, रंजीत रंजन, मनोज झा, सैयद नसीर हुसैन, तिरुची शिवा, इमरान प्रतापगढ़ी और राजीव शुक्ला का नाम शामिल है। इसी बीच सरकार ने संकेत दिया है कि अगर एक दो दिन में बीच का रास्ता नहीं निकलता को इसी सप्ताह से जरूरी विधेयकों को पारित कराने का सिलसिला भी शुरू किया जाएगा। विपक्ष के हंगामे के बीच ही सोमवार को करीब आधे घंटे तक प्रश्नकाल चला। इसके बाद सदन की कार्यवाही जब दोबारा शुरू हुई तो प्रधानमंत्री कार्यालय में मंत्री जितेंद्र सिंह ने डीएनए प्रौद्योगिकी विनियमन बिल वापस लिया। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने राष्ट्रीय नर्सिंग और प्रसूती विद्या आयोग विधेयक और राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग विधेयक पेश किया, जबकि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने संविधान अनुसूचित जातियां आदेश संशोधन विधेयक पेश किया।

अब यूपी में पेशाब कांड!

## आगरा में युवक की पिटाई फिर चेहरे पर किया पेशाब 2 आरोपी गिरफ्तार

आगरा ● एजेंसी
yashbharat.co.in

उत्तर प्रदेश के आगरा के थाना सिकंदरा क्षेत्र के गांव अटूस का एक शर्मनाक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. वायरल वीडियो में एक युवक को बुरी तरह से पीटने के बाद उसके चेहरे पर आरोपी ने पेशाब कर दिया. वीडियो सामने आने के बाद मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.दरअसल, मोहब्बत की नगरी आगरा में एक शर्मनाक मामला सामने आया है, जिसके बाद से जिले में अलग अलग तरह की बाते सुनाई दे रही है. वीडियो वायरल होने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस के द्वारा इस वीडियो की पड़ताल की गई, वीडियो वायरल होने के कुछ ही घंटों के अंदर पुलिस ने आरोपी युवक और उसके साथी को अरेस्ट कर लिया.वायरल वीडियो में जो शख्स पेशाब करता हुआ दिखाई दे रहा है. उसका नाम आदित्य इंदौलिया है. पीड़ति और आरोपी आदित्य के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही थी. आदित्य ने अपने साथियों के साथ मिलकर पहले तो युवक की जमकर पिटाई की. उसके बाद उसने उसके चेहरे पर पेशाब कर दिया. आदित्य ने युवक के चेहरे पर पेशाब करते हुए वीडियो भी बनाई. यह वायरल वीडियो 3 से 4 महीने पुराना बताया जा रहा है, लेकिन अब यह वीडियो वायरल हुआ, तो पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

अच्छी खबर | प्रदेश में लॉजिस्टिक पार्क, फार्मा, खाद्य प्र-संस्करण, रेलवे वेगन निर्माण और पीवीसी केन्द्रित इकाईयों की स्थापना के प्रस्ताव

# टीवीएस, इफ्का, बैरलोकर इंडिया, हिंदुस्तान अर्बन इंफ्रा-स्ट्रक्चर निवेश के इच्छुक

भोपाल ● यशभारत
yashbharat.co.in

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से फार्मा, लाजिस्टिक पार्क, खाद्य प्र-संस्करण, आयरन एण्ड स्टील तथा प्लास्टिक के क्षेत्र में कार्यरत उद्योग समूहों ने मंत्रालय में भेंट कर प्रदेश में निवेश और इकाइयों के विस्तार के संबंध में चर्चा की।मुख्यमंत्री श्री चौहान से टीवीएस इंडस्ट्रीज एण्ड लॉजिस्टिक्स पार्क के सीईओ श्री रामनाथ सुब्रमण्यम और रीजनल हेड कुशल मोतियानी ने देवास और पीथमपुर में 250 करोड़ रुपए की लागत से इंडस्ट्रियल व लॉजिस्टिक्स पार्क स्थापित करने के प्रस्ताव पर चर्चा की। पार्क से लगभग 1000 लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। प्रदेश में फार्मा क्षेत्र में 1300 करोड़ रूपए की लागत से तीन इकाइयां स्थापित कर चुकी इफ्का लेबोरेट्रीज के मेनेजिंग डायरेक्टर अजित कुमार जैन ने मुख्यमंत्री श्री चौहान से भेंट कर देवास में 470 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित हो रही फार्मा इकाई के बारे में बातचीत की। इस



इकाई में लगभग 700 लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान से सात्विक एग्रो प्रोसेसिंग के श्री नीलेश गर्ग और श्री माणिक गर्ग ने मुरैना जिले के सीतापुर में नई खाद्य प्र-संस्करण इकाई स्थापित करने के संबंध में चर्चा की। सात्विक एग्रो 284 करोड़रूपए के शुरूआती निवेश के साथ एक लाख 44 हजार मीट्रिक टन की उत्पादन क्षमता के साथ नई इकाई स्थापित कर रही है। कम्पनी द्वारा इसके लिए भूमि अधिग्रहण कर लिया गया है। सर्वा फोम के श्री कुणाल ज्ञानी रायसेन जिले के तामोट प्लास्टिक पार्क में 100 करोड़ रूपए के निवेश के साथ रिबांडेड फोम और पालियोरेथेन फोम के लिए बुनियादी कच्चा माल बनाने की इकाई की स्थापना के प्रस्ताव और अपेक्षाओं पर चर्चा की।

### मालनपुर में स्थापित होगी रेलवे वेगन इकाई

मुख्यमंत्री श्री चौहान से हिन्दुस्तान अर्बन इंफ्रा-स्ट्रक्चर के मोदी ने मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र में 500 करोड़ के निवेश और लगभग 1000 लोगों को रोजगार देने की क्षमता रखने वाली रेलवे वेगन निर्माण इकाई स्थापित करने के संबंध में बातचीत की। इसी क्रम में बैरलोकर इंडिया ऐडिटिव्स के श्री ज्येन मोदी और श्री अंकुर कुमार ने देवास में 316 करोड़ रूपए के निवेश से पीवीसी स्टेबलाइजर इकाई की स्थापना पर बातचीत की। इकाई से लगभग 150 लोगों को रोजगार मिलेगा।

### लघु उद्यमी, सीखो-कमाओ योजना में युवाओं को जोड़ें : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा आरंभ की गई मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना, युवाओं के कौशल उन्नयन और उन्हें आत्म-निर्भर बनाने की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। लघु उद्योगों में युवाओं के लिए सीखने और रोजगार प्राप्त करने के पर्याप्त अवसर विद्यमान हैं। योजना के अंतर्गत व्यवसायी अपनी इकाइयों में युवाओं को जोड़कर काम सिखाने के लिए आगे आएं। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रालय में लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे।मुख्यमंत्री श्री चौहान से प्रतिनिधियों ने औद्योगिक क्षेत्र में 5 हजार वर्ग फुट या उससे कम के छोटे प्लाटों के लिए भूमि आरक्षित करने, जिलों में ग्रामीण स्तर पर स्व-रोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्लग एण्ड प्ले की सुविधा से युक्त मल्टीस्टोरी क्लस्टर का निर्माण, अनुदान राशि की डीबीटी के माध्यम से उपलब्धता तथा सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के विकास में आने वाली कठिनाइयों और उनके समाधान आदि पर चर्चा की।

## विकास पर्व में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री का दो दिवसीय सिंगरौली दौरा आज से

भोपाल ● यशभारत
yashbharat.co.in

संभाग भर में 16 जुलाई से 14 अगस्त तक मनाए जा रहे विकास पर्व में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान रीवा संभाग का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री चौहान 25 जुलाई को संभाग के सिंगरौली जिले के दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान 25 जुलाई को शाम 4 बजे भोपाल से वायुयान से प्रस्थान कर शाम 4.40 बजे खजुराहो एयरपोर्ट पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री खजुराहो से शाम 4.45 बजे हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर शाम 6 बजे सिंगरौली जिले के बैढ़न में एनसीएल मैदान में बनाए गए हेलीपैड पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान रामलीला मैदान में आयोजित समारोह में संत शिरोमणि रविदास समरसता रथयात्रा में शामिल संतों का सम्मान करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री चौहान रथयात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान सूर्याभवन विन्ध्य नगर में आयोजित कार्यक्रम में जनसेवा मित्रों तथा जन अभियान परिषद के नवांकुर प्रस्फुटन समिति के सदस्यों से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री रात्रि विश्राम सिंगरौली में करेंगे।मुख्यमंत्री श्री चौहान 26 जुलाई को सुबह 9.30 बजे एनटीपीसी परिसर में वृक्षारोपण करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री चौहान एनटीपीसी के मैत्री सभागार में लाड़ली बहना सेना के सदस्यों से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान सुबह 11.30 बजे सिंगरौली से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर 11.50 बजे सरई पहुंचेंगे। सरई में मुख्यमंत्री श्री चौहान मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे।

सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में
ऑल इंडिया रिलीज



21 जुलाई से
रोजाना 2 शो
11.00 AM (AUDI-3)
06.45 PM (AUDI-3)
माईनस-31
कलाकार- रूचा ईनामदार, रघुवीर यादव, राजेश शर्मा, संतोष जुवेकर आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402



सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में
ऑल इंडिया रिलीज



21 जुलाई से
रोजाना 5 शो
01.15 PM (AUDI-1)
03.45 PM (AUDI-2)
04.00 PM (AUDI-1)
07.15 PM (AUDI-1)
10.00 PM (AUDI-1)
अजमेर-92
कलाकार- करन वर्मा, सुमित सिंह, राजेश शर्मा, जरीना वहाब आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402


# लंबे समय से कार्यकर्ता विहीन दो आंगनबाड़ी केंद्रों में कलेक्टर के निर्देश पर हुई नियुक्ति

## शिकायत सामने आने पर कलेक्टर ने कराई जांच, शासन के निर्देशानुसार भरे गए रिक्त पद

**कटनी,यशभारत।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विहीन सहायिका के प्रभार में जिले के दो आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालित होने संबंधी शिकायत सामने आने पर कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा इसे गंभीरता और प्राथमिकता से लेते हुए इन आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ताओं की नियुक्ति कराई गई है। जिससे उक्त केंद्रों का संचालन नियमानुसार और बेहतर ढंग से हो सके।




### अहर्ता पूर्ण करने वाली आवेदिका न होने से रिक्त पड़ा था पद

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम कोकोडबरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पिछले 5 वर्षो से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का पद रिक्त होने संबंधी शिकायत सामने आने पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा इसे तत्काल गंभीरता से लेते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी को इस संबंध में जांच कर उचित कार्यवाही करते हुए जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर की गई जांच में पाया गया कि गांव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की अहर्ता को पूर्ण करने वाली कक्षा 12 वी उत्तीर्ण आवेदिका न होने के कारण आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का पद रिक्त पड़ा हुआ था एवम् सहायिका द्वारा यहां प्रभार संभाला जा रहा था। जिस पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा शासन के निर्देशानुसार कक्षा 10 वी उत्तीर्ण आवेदिका की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के तौर नियुक्ति करने के निर्देश दिए। तदानुसार विभिन्न स्तरीय प्रशिक्षण उपरांत जिला स्तरीय समिति द्वारा 10वी पास आवेदिका प्रियंका सिंह पिता ज्ञान सिंह की नियुक्ति आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में की गई है।

### दस्तावेज परीक्षण के कारण हो रहा था विलंब

इसी तरह जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र दशरमन क्र. 2 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का पद रिक्त होने तथा सहायिका के प्रभार में आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन किए जाने संबंधी शिकायत को कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा गंभीरता से लिया गया। उन्होंने प्राथमिकता से इस शिकायत का निराकरण करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को दिए। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर की गई जांच में पाया पाया गया कि आवेदिकाओं के दस्तावेजों के जांच और परीक्षण में लग रहे समय की वजह से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पद की पूर्ति में विलंब हो रहा था। कलेक्टर के निर्देश पर जिला स्तरीय समिति के निर्णय उपरांत आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में प्रियंका ब्रह्मण पिता रामदत्त निवासी दशरमन की नियुक्ति की गई है।



## 27 जुलाई को रीठी के ग्राम बड़गांव आएंगे मुख्यमंत्री शिवराज

**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आगामी 27 जुलाई को महिला सम्मेलन एवं विकास पर्व के दौरान जिला कटनी की तहसील रीठी के ग्राम बडगांव में आगमन हो रहा है। भ्रमण कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए जिला आपूर्ति अधिकारी बालेन्द्र शुक्ला नें आदेश जारी कर कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना अंतर्गत चयनित हितग्राहियों को वाहन वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रमोद कुमार मिश्रा एवं यज्ञदत्त त्रिपाठी को दायित्व सौंपा है।


जीवन को समरस, सुसम्पन एवं सुसंस्कृत बनाने हेतु समर्पित विद्याभारती की वैचारिक एवं सामाजिक प्रतिबद्धता का संस्थान विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से मार्गदर्शित सरस्वती शिक्षा परिषद से संबंद्ध
(शासन द्वारा मान्यता प्राप्त)
आई.एस.ओ. 9001- 2008 प्रमाणित
अटल टिंकरिंग लेब, स्मार्ट क्लास, कम्प्यूटर प्रयोगशाला
स्पोकन इंग्लिश क्लासेस की पृथक व्यवस्था
सरस्वती शिशु मंदिर / उच्च. माध्य. विद्यालय कटनी
नई बस्ती कटनी (म.प्र.)
कक्षा अरूण से द्वादश तक
दूरभाष -07622- 409413, 409975
धन्य कुमार गांधी अध्यक्ष | चंद्र प्रकाश बरसैंया व्यवस्थापक | पुरूषोत्तम माली प्राचार्य


# दर्शन मात्र से होती है भक्तों पर अपार कृपा

## सावन मास के तीसरे सोमवार पर अमरनाथ की गुफा में तब्दील रहा विजयनाथधाम



**बरहीध्कटनी।** पवित्र सावन पुरुषोत्तम मास में समूचे देश मे भगवान शिव की आराधना की जा रही है। मध्यप्रदेश के कटनी जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर स्थित विजयनाथधाम बरही में विराजे भूमि प्रकट साक्षात शिव विराजे हुए है। सावन में हर दिन के साथ सोमवार पर विशेष श्रृंगार यहां के अंगसेवियो द्वारा किया जा रहा। तृतीय सावन सोमवार सांध्य कालीन श्रृंगार हटकर था। विजयनाथ जी अमरनाथ बाबा बर्फानी के स्वरूप में भक्तों को अपना दिव्य दर्शन दिए। हर हर महादेव के जय जय बाबा बर्फानी के जयघोष हो रहा था। गर्भगृह में शिव की बर्फानी स्वरूप देखने शिव भक्तों का विशाल जन सैलाब उमड़ पड़ा। सांध्य कालीन महाआरती, श्रृंगार दर्शन में पूरा मंदिर प्रांगण भोले-भक्तों से भरा है। दूर.दूर से भी भोलेभक्त जलाभिषेक करने विजयनाथधाम पहुँच रहे है। कहते है कि जो भी भक्त भगवान विजयनाथ जी का सच्चे भाव से दर्शन करता हैए वह सदा मालामाल रहता हैए सुख-समृद्धि ऐसे भोलेभक्तों के घर निरंतर बढ़ती है। ऐसे कृपारूपी भगवान विजयनाथ जी का दर्शन करने आप सभी विजयनाथधाम आइए। ऐसा यहां का हर भोलेभक्त अपील कर रहा है।


डॉ. निशा श्रीवास्तव
एमबीबीएस एमएस ईएंटी गोल्ड मेडलिस्ट
Fellowship in Skull Base Surgery; Ex surgeon AIIMS; Specialist in microscopic Ear, Head-Neck and Endoscopic sinus surgery (FESS) नाक कान एवं गला विशेषज्ञ
नाक, कान, मुंह एवं गले व थायरॉइड का ऑपरेशन व इलाज
इन लक्षण दिखने पर करें संपर्क:- कान से पानी बहना, नाक ब्लॉक, एलर्जी, आवाज में बदलाव, सिर में दर्द खर्राटे, टांसिल कानों में सीटी बजना, चक्कर आना गले व चेहरे में किसी प्रकार की गठान, थायराइड की जांच व उपचार हकलाना तुतलाना मुंह में छाले, मुंह कम खुलना व अन्य गले का कैंसर नाक कान व गले से संबंधित बीमारी के स्पेशलिष्ट प्रख्यात डॉक्टर
पताः- आरोग्य डेंटल के सामने वाणी डायग्नोस्टिक के बाजू में ओम शांति हॉस्पिटल के पास आदर्श कॉलोनी कटनी (म.प्र.) Mob:9431777003, Email:-nisha.drent@gmail.com



डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)
देवपद
स्किन एवं हेयर क्लीनिक
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई
चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
मिलने का समय- सोमवार से शनिवार
सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274



JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact-Ayush Jain Mo. 8989020207


## मानसून की बेरूखी से किसान हीं नहीं जनता भी हैरान

**कटनी, यशभारत।** देर से आया मानसून सामान्य होने के बाद भी अभी हल्के रंग में है। आसमान में हर दिन भरपूर बादल छा रहे हैं। बारिश की चेतावनी के बीच गरज वाले बादल डरा रहे हैं, पर बारिश चकमा दे रही है। पूरे शहर में बरसने के बजाय अलग-अलग हिस्से में टुकड़ों में बरस रही है। एक जून से तीन जुलाई तक मानसून सीजन के दौरान सामान्य से कम बारिश हुई है। श्रावण मास की शुरुआत भी हो चुकी है लेकिन सावल की झड़ी का पता नहीं है हालांकि मौसम विभाग ने जुलाई से अगस्त तक पूरे महीने अच्छी वर्षा के आसार जताए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन से अगले कई दिनों तक राज्य में अच्छी बारिश की संभावना है। अच्छी मानसूनी बारिश बंगाल की खाड़ी से आने वाले मानसून के बादल कराते हैं।


SYNA INTERNATIONAL SCHOOL, KATNI (M.P.)
APPLICATIONS ARE INVITED FOR THE POST OF PRT, TGT, PGT'S FROM SUITABLE CANDIDATES WITH EXCELLENT COMMUNICATION SKILLS & AT LEAST 3 YEARS OF EXPERIENCE FOR A REPUTED CBSE CO-EDUCATION BOARDING CUM DAY SCHOOL IN KATNI (M.P.)
We are HIRING
1. PRT - English : Graduate / Post Graduate in English with B.Ed. or NTT.
PRT - Hindi : Graduate / Post Graduate in Hindi with B.Ed. or NTT.
PRT - Math : Graduate / Post Graduate with Math as one of the subjects & B.Ed. or NTT
2. TGT - Math : Graduate / Post Graduate with Math as one of the subjects & B.Ed.
TGT - Social Science: Graduate / Post Graduate with Geography as one of the subjects & B.Ed.
TGT - Hindi: Graduate / Post Graduate with Hindi as one of the subjects & B.Ed.
3. PGT - Maths: Post Graduate and B.Ed., PGT - Physics: Post Graduate & B.Ed.,
PGT - Chemistry: Post Graduate & B.Ed., PGT - Accountancy: Post Graduate & B.Ed.
BAND MASTER, CLASSICAL & WESTERN MUSIC (INSTRUMENTAL)
COMPUTER MAINTENANCE & SYSTEM ADMINISTRATOR
THE SCHOOL SHALL OFFER AN ATTRACTIVE PAY PACKAGE & OTHER PERKS INCLUDING :
Free Accommodation, Free Meals During Term Time,
Medical Insurance, Personal Accident Policy,
Exemption of fee to the wards of teaching staff,
PF as per government rules,
Higher start for deserving candidates
Interested candidates can share their resumes with expected salary & notice period on :
ppl@synainternational.edu.in | whatsapp at +91 99775 83555



सावित्री विद्यापीठ
E.M.H.S. School
अंग्रेजी माध्यम, हायर सेकेण्डरी स्कूल, नर्सरी से कक्षा 12वीं तक
21 वर्षों का विद्यालय संचालन अनुभव
जल्दी कीजिये सीमित आवेदन
Website: www.savitrividyapeeth.com
Instagram: svpschoolkatni
facebook - savitrividyapeeth
आवश्यकता है
PTI खेल प्रशिक्षक संगीत शिक्षक व एकाउंट्स टीचर
पन्ना तिराहा कुठला, कटनी Mo. 9753272015, 8770603379



NOBLE HEART PUBLIC ENGISH MED. HIGHER SEC. SCHOOL
NURSERY, KG-I, KG-II TO 12TH CLASS
ADMISSION OPEN
10TH CLASS TOPPER 96% | 12TH CLASS TOPPER 92%
कटनी जिले की मैरिट में तृतीय स्थान
VASHISHSHTH GURU | ANUSHKA DWIVEDI
NEAR KAILWARA PHATAK, NADI PAR, KATNI Mob. 7869484013, 7389678892



अच्छी शिक्षा अच्छे जीवन की आधारशिला
विगत 27 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अंग्रेजी/हिन्दी मा. का सफल संचालन कक्षा 10वीं/12वीं के सफलतम रिजल्ट के साथ प्रवेश प्रारंभ
विज्ञान/कला/कामर्स/कम्प्यूटर साइंस
कटनी पब्लिक हायर सेकेन्डरी स्कूल
पता- आधारकाप, केडीसी के पास जगमोहनदास वार्ड नई बस्ती, कटनी मो. 8989979488 (whatsup) 7000697892,
E-mail - kphsskatni@gmail.com
लक्ष्मीकान्त भारद्वाज



माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय से संबद्ध 9893499886
Discount @40%
ICMT COMPUTER INSTITUTE
DCA | PGDCA | TALLY | CPCT | COMPUTER HARDWARE COURSE | SPOKEN ENGLISH | Competition Coaching
रामेश्वरम कैंपस विश्राम बाबा के पास दिव्यांचल मैरिज गार्डन के सामने जबलपुर रोड कटनी



JAIN GROUP OF INSTITUTIONS
2023 Session Start
SCHOOL ADMISSION
New open for Entry
Approved by M.P. Board of Sec. Education to MPBSE Bhopal Affiliation Code- 744124
JAIN NURSERY
ENGLISH MEDIUM HIGHER SEC. SCHOOL
Class Nursery, KG-1, KG-2, to Class 12th
ART SCIENCE COMMERCE
MATHS & BIO GROUP
SMART FEATURES
- Smart Classes & Library - SMS Service to parents
- Survelliance Cameras in all class Room
- Computer & Science Labs
- Excellent Teachers with Good Communication Skills
प्रकाश जैन | वर्षा जैन, प्राचार्य
Shiv Nagar, Balaji Nagar, Nadipar, katni (m.p.)
Mo. 7999291401, E-Mail -jainnurseryschool@gmail.com



अपने बच्चों का भविष्य स्वयं सुधारिये.....
Join the BEST
in EDUCATION | in ATMOSPHERE | in DISCIPLINE | in GAMES & Overall
KIRAN NATIONAL PUBLIC SCHOOL
किरण नेशनल पब्लिक स्कूल
NURSERY, KG-I, KG-II, CLASS 1st TO 8th ENGLISH MEDIUM
मोहन नगर दुर्गा मंदिर के पास, कैलवारा रोड, कटनी (म.प्र.) मो. 9977500636



शिकागो पब्लिक स्कूल
इंग्लिश मीडियम नर्सरी से बारहवीं तक सभी विषय आर्ट्स, कॉमर्स व साइंस
आपके बच्चे एवं आपके स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला
शाला के सफलतम 25 वर्ष
भूलना भूल जाओगे
मेमोरी साइंस इंडिया की मेमोरी क्लासेज शाला के बच्चों को निःशुल्क
प्रवेश प्रारंभ
स्कूल की पढ़ाई कैसी हो, एक शिक्षक से बेहतर कोई नही जानता
पता:- मानसरोवर कॉलोनी माधवनगर कटनी मो. 9229119885



naturals
India's No.1 hair and beauty salon
OPEN NOW
@ CITY MALL
@ City Mall Katni, 2nd Floor, Barhi Road, Near Main Railway Station, Katni M.P. - 483 501
Mobile : 9343609476



SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ. दीपक सक्सेना | डॉ. शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं प्लाट नं.1 योजना क्रं.6 नगर सुधार न्यास कॉलोनी, महाराणा प्रताप वार्ड, कटनी से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*, सम्पादक अम्बरीश तिवारी, सलाहकार संपादक श्याम कटारे।
फोन (07622) 230033, डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)

आप तक आपका प्रिय अखबार यश भारत नहीं पहुंच रहा हो तो हमें शीघ्र सूचित करें
फोन- 230033, मो. 9425362893, 8839684296
कार्यालय:- कचहरी चौक, कटनी

# पटवारी ने निगले नोट, साक्ष्य मिटाने की धाराओं के तहत चलेगा केस



## बिलहरी में साढ़े 4 हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया था पटवारी गजेन्द्र सिंह

**कटनी, यशभारत।** जमीन सीमांकन के बदले साढ़े हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त की टीम द्वारा रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद रूपयों को चबाकर निगलने वाले पटवारी गजेन्द्र सिंह के विरूद्ध साक्ष्य मिटाने पर धारा 201 के तहत कार्रवाई की जाएगी। नोट निगलने के बाद पटवारी को जिला चिकित्सालय मेडिकल के लिए ले जाया गया था, लेकिन नोट रिकवर नहीं हो सके थे। लोकायुक्त का कहना है कि रिश्वत के आरोपी पटवारी के खिलाफ अन्य काफी साक्ष्य हैं, जिसमे उसकी वॉइस रिकॉर्डिंग भी शामिल है। इसके अलावा हाथ में लगे मिले केमिकल के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आरोपी पटवारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बरखेड़ा निवासी चंदन लोधी ने जमीन सीमांकन के लिए लोकसेवा गारंटी केंद्र में आवेदन किया था, लेकिन उसे शासन के दस्तावेजों पर चढ़ाने के नाम पर पटवारी गजेंद्र सिंह ने 5 हजार की रिश्वत मांगी थी।

**लोकायुक्त की कार्रवाई, पटवारी ने निगलने 500-500 के नोट**



चंदन ने कई बार अपनी आर्थिक स्थिति बताने के बाद भी पटवारी नहीं मानने को तैयार नहीं हुआ, जिसके बाद चंदन ने इसकी शिकायत जबलपुर लोकायुक्त से कर दी। सीमांकन की एंट्री के एवज में रिश्वत मांगने की रिकॉर्डिंग पर शिकायत दर्ज कर लोकायुक्त सागर की यूनिट सोमवार को ट्रैप की कार्रवाई के लिए कटनी आई थी।

बिलहरी पटवारी कार्यालय में किसान चंदन ने पटवारी को जैसे ही रुपए दिए, टीम सामने आ गई। रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद पटवारी लोकायुक्त टीम के सामने ही गया 500-500 रुपए के 9 नोट चबाकर निगल गया। लोकायुक्त की टीम उसे अस्पताल ले गई, लेकिन डॉक्टरों की कोशिश के बाद भी नोट रिकवर नहीं हुए। डॉक्टरों ने मेडिकल परीक्षण के दौरान पटवारी के मुंह से नोट के कुछ टुकड़े निकाले हैं, जिसे जांच के लिए एफएसएल भेजा गया है। लोकायुक्त की टीम का नेतृत्व कर रहे निरीक्षक कमल सिंह उईके ने बताया कि पटवारी के खिलाफ काफी साक्ष्य हैं, उसकी वॉइस रिकॉर्डिंग भी जांच में शामिल है। इसके साथ ही अन्य दस्तावेजी साक्ष्यों के जरिए प्रकरण को आगे बढ़ाया जाएगा।

**तीखी बात**

## ख्वाब में आती है टिकट ये है राजनीति का महाभारत



राजीव उपाध्याय

राजनीति, समाज सेवा, धर्म आजकल सब एक दूसरे के पर्याय बन गए हैं। ऐसा लगता है कि राजनीति से जुड़े बिना सब कुछ व्यर्थ है। धर्म की सीढ़ी आजकल राजनीति के मैदान में ही उतर रही है। राजनीति ऐसा नशा है कि इसमें डूबे तो फिर विधानसभा तक पहुंचने का ख्वाब सताने लगता है। ऐसा ही ख्वाब एक महाराज जी को आजकल बहुत सता रहा है। जुगत कुछ ऐसी लगी कि राज्यमंत्री का दर्जा तो मिल ही गया। लेकिन महाराजजी महसूस कर रहे हैं कि इसमें मजा नहीं है। टिकट मिले तब कुछ बेहतर हो सकेगा। महाराजजी अपनी इच्छा गाहे बगाहे जाहिर करते रहते हैं। जिस क्षेत्र में वे रहते हैं वहां वैसे भी बीजेपी में दावेदारों की कमी नहीं है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को कुछ न कुछ भनक तो लग गई है, वे सतर्क भी हो गए हैं। राजनीति में कब किसका पत्ता कट जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष के नजदीक कहे जाने वाले एक दावेदार को भी इसकी भनक है, वे जोरशोर से धर्ममय हो गए हैं। राजनीति भी अजब है जो नेता हैं वो यह साबित करने में लगे हैं कि उनकी धर्म में कितनी आस्था है और जो धर्म से जुड़े हैं वो यह साबित कर रहे हैं कि वो राजनीति भी कर सकते हैं। चुनावी मौसम में टिकट पाने की इच्छा का बलवती हो जाना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। जिस विधानसभा क्षेत्र में यह जोर आजमाइश चल रही है वहां पर एक वरिष्ठ बीजेपी नेता का नाम बार-बार उछाला जाता है कि वे यहां से चुनाव लड़ सकते हैं क्योंकि संगठन ऐसा चाहता है। वे नेता जब खुद इस क्षेत्र से चुनाव लड़ना चाहते थे तब उन्हें ग्रामीण क्षेत्र भेज दिया गया। जब सब कुछ वहां उन्होंने जमा लिया तो अब उन्हें इधर भेजने की राजनीति चलने लगी। नेताजी का मंत्री बनने का ख्वाब सूबे ए आजम ने इस बार पूरा ही नहीं किया। इसकी नाराजगी गाहेबगाहे वे जाहिर करते भी रहे हैं। इस चुनाव में ऐसी बिसात बिछी है कि सबसे पहले अपनों से लड़ाई है। शहर का एक विधानसभा क्षेत्र ऐसा भी है जहां कांग्रेस में अपनों के बीच लड़ाई है। खुलकर तो दावेदार कुछ कह नहीं सकते क्योंकि जिनके नाम सामने आ रहे हैं वे भी अपने ही हैं लेकिन अंदर से उन्हें कोफ्त हो रही है कि उनका राजनीतिक भविष्य क्या होगा। सबसे पहले तो उन्हें अपनों से ही लड़ना होगा, वे बीजेपी से तो बाद में लड़ेंगे। यह है राजनीति का महाभारत।



## विद्यालयों के जरूरतमंद छात्रों को पुस्तक वितरण

**कटनी, यशभारत।** दिगम्बर जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में स. सिं. मुरलीधर कन्हैयालाल जैन ट्रस्ट द्वारा जैन शिक्षा संस्था द्वारा संचालित विद्यालयों के जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को पुस्तकों का निःशुल्क वितरण किया। इस अवसर पर प्रसन्न कुमार जैन, अध्यक्ष जैन पाठशाला ट्रस्ट, अनूप सिंघई अध्यक्ष जैन शिक्षा संस्था, सुधीर कुमार जैन, सिघंई शांति कुमार जैन, शिक्षा संस्था सचिव राजेन्द्र जैन, अडिटर श्रीयांश जैन एवं अन्य अतिथि जैन शिक्षा संस्था प्रबंधक अक्षय जैन साथ सभी जैन शिक्षा संस्था द्वारा संचालित संस्थाओं के प्रधान, शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में अतिथियों द्वारा पुस्तकों की महत्ता पर प्रकाश डालते एवं छात्र-छात्राओं को अच्छी शिक्षा हेतु प्रेरित किया गया।

## आटो चालकों की धमाचौकड़ी पर लगाम लगाने चालानी कार्रवाई

**कटनी, यशभारत।** शहर में ऑटो चालकों की मनमानी बढ़ गई है। ओवर लोडिंग सहित बिना नियमों का पालन करते हुए फर्राटे भरा जा रहा है। ई रिक्शा चालक भी धमाचौकड़ी मचाए हुए हैं। ऑटो चालकों द्वारा नियमों को धता बताते हुए वाहन चलाने के मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देश पर यातायात प्रभारी राहुल पांडेय व कोतवाली टीआई अजय सिंह को कार्रवाई के निर्देश दिए। संयुक्त टीम ने सोमवार दोपहर 12 बजे से रात 8 बजे के बाद तक कार्रवाई की। 10 अधिकारी कर्मचारियों ने 130 वाहनों की जांच की। 30 से अधिक वाहनों के चालान काटे और तीन ऑटो जब्त किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि नियमों की अनदेखी के कारण न सिर्फ यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो रही है बल्कि लोगों की जान भी हर समय जोखिम में रहती है। हादसे भी हो रहे हैं।

## खुली पड़ी बावड़ी में डूबकर किशोरी की मौत

### बाकल थाना क्षेत्र की ग्राम मोहतरा की घटना

**कटनी, यशभारत।** बाकल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहतरा में खुली पड़ी बावड़ी एक किशोरी की मौत का कारण बन गई। सोमवार की दोपहर किशोरी खेत में दादा-दादी को खाना देकर वापस अपने घर लौट रही थी और हादसे का शिकार हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

इस संबंध में बाकल पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर रानी उर्फरानी लक्ष्मी बाई पिता मान सिंह लोधी 12 वर्ष अपने दादा-दादी के लिए खेत में खाना लेकर गई थी। खाना देकर वह खेत से लौट आई लेकिन घर नहीं पहुंची। जब देर शाम तक घर नहीं पहुंची तो परिजन परेशान हो गए और खोजबीन शुरू कर दी। परिजन खोज बीन करते हुए खेत के किनारे खुले में बनी बावड़ी के पास पहुंचे तो वह झोला पड़ा हुआ मिला, जिसमें वह खाना लेकर आई थी। बावड़ी में डूबने की आशंका पर खोजबीन शुरू की तो काफी मशक्कत के बाद किशोरी का शव पानी में डूबा मिला। घटना की जानकारी बाकल पुलिस थाने को दी गई। जिसके बाद मौके पर बाकल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बाकल थाना प्रभारी विजय किशोर द्विवेदी ने बताया कि मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

### समदड़िया सिटी में चोरी

**कटनी, यशभारत।** समदड़िया सिटी में हजारों रुपए की चोरी हो गई। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। रूपेश गुप्ता के मकान में बदमाशों ने ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

## प्रधानमंत्री आवास योजना हितग्राहियों के चयन में लापरवाही पड़ी भारी

**ग्राम पंचायत बिलहरी का मामला, उपसरपंच की शिकायत पर जांच के बाद जिला सीईओ ने सचिव को किया निलंबित**

**कटनी, रीठी यशभारत।** जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने ग्राम पंचायत बिलहरी की तत्कालीन सचिव रंजीता तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किए जाने के आदेश किए हैं। ग्राम पंचायत बिलहरी के उपसरपंच विनोद शंकर शर्मा के शिकायती आवेदन पर गठित जांच दल से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर सचिव श्रीमती तिवारी द्वारा वर्ष 2020-21 में शासन के दिशा निर्देशों के विपरीत प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों के चयन में लापरवाही बरतते हुए 8 अपात्र हितग्राहियों का चयन और प्रकरण स्वीकृत कर राशि जारी किया जाना पाया गया, जिससे शासन को 7 लाख रुपयों की वित्तीय क्षति हुई। वरिष्ठ कार्यालय द्वारा सचिव ग्राम पंचायत रैपुरा, तत्कालीन सचिव बिलहरी श्रीमती तिवारी को अनुपातिक 2.33 लाख रुपए की वसूली राशि अधिरोपित कर जमा किए जाने का अवसर भी दिया गया, किन्तु श्रीमती तिवारी द्वारा वित्तीय अनियमितता के साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना, स्वेच्छाचारिता और पदीय दायित्वों के विपरीत कृत्य किए जाने के कारण सीईओ ने पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियम में वर्णित प्रावधानों के तहत निलंबित कर मुख्यालय जनपद पंचायत रीठी नियत किया है। निलंबन अवधि में श्रीमति तिवारी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## संस्कारों का जीवन में बड़ा महत्व : मुनिश्री

### प्रथम देवदर्शन एवं संस्कार अनुष्ठान का आयोजन

**कटनी, यशभारत।** चार्तुमास धर्मप्रभावना समिति एवं सकल दिगम्बर जैन पंचायत के तत्वाधान में संत शिरोमणी आचार्य 108 विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री 108 समता सागर महाराज, मुनि श्री 108 महासागर महाराज, मुनि 108 निष्कंप सागर महाराज, ऐलक श्री 105 निश्चिय सागर महाराज के सानिध्य में प्रथम देवदर्शन एवं संस्कार अनुष्ठान आचार्य ज्ञान सांगर सभागार में आयोजित हुआ। अनुष्ठान में 45 दिन से 1 वर्ष तक की उम्र को बच्चों को मुनिसंघ द्वारा णमोकार महामंत्र सुनाकर एवं राजेश जैन गुड्डा एवं परिजनों द्वारा सोने के हाय चंद्रमा पहनाकर संस्कारित किया गया। मंगलाचरण बालिका मंडल द्वारा एवं आचार्य श्री की तैलचित्र के समीप रखी ज्ञान ज्योति बाहर से आए साधर्मी बन्धुओं के साथ चार्तुमास प्रभावना समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुनि श्री 108 महासागर महाराज ने हुये कहा कि बालक जब जन्म लेता है तो जन्म लेते समय उसका कोई कुल नहीं होता। ग्रंथों में जन्म के उपरांत संस्कार देने की बात कही गई है। मुनि श्री ने आगे बतलाया कि जो कुलाचार्य का पालन करते है, उनके यहां महान आत्माओं का जन्म होता हैं। संस्कारों का जीवन में बड़ा महत्व है। मुनि 108 समता सागर जी महाराज ने कहा कि गुरूओं की करूणा समाज को जीवंत बनाये रखने की चिंता तो देखों यहां उम्र दराज लोग बैठे-बैठे ईर्ष्या कर रहे होंगे कि इन बच्चों का पुण्य तो देखो कि इन्हें मुनि श्री द्वारा संस्कारित किया जा रहा है। पहले के जमाने में मुनिराज के दर्शन बिरले ही होते थे, तब आदमी अपने बच्चों को मंदिर में ले जाकर देवदर्शन कराकर संस्कारित करता था। बच्चों को हाय चन्द्रमा इसलिए पहनाया गया ताकि उन्हें किसी भी हाय न लगे। मुनिश्री ने आगे कहा धर्म के संस्कार देने के बाद बालक धर्मात्मा की श्रेणी में धीरे-धीरे आगे बढ़ता है। मुनि श्री ने कहा कि नगर में ऐसा अनुष्ठान



पहली बार हुआ है, जो नगर एवं समाज के लिए गौरव का विषय है। कार्यक्रम का संचालन दीपू जैन द्वारा किया गया। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप को 108 विद्यासागर महामुनि राज को द्रव्य चढ़ाने का सौभाग्य मिला, जिसमें ग्रुप के सभी दंपत्ति सदस्यों ने जोड़ी के साथ द्रव्य समर्पित की। मुख्य रूप से शोधर्मे इंद्र के रूप में ग्रुप अध्यक्ष संजय मीनू सिंघई, कार्यवाहक अध्यक्ष मगन जय श्री जैन, कोषाध्यक्ष बृजेश सीमा जैन, समता दिनेश जैन, अनूप शालू सिंघई, मनोज नीरू जैन शामिल रहे।



## कार्यालय कलेक्टर (खनिज–शाखा) जिला खण्डवा (म.प्र.)

पत्र क्रमांक/573/खनिज/2023 खण्डवा, दिनांक/19/07/2023

(म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1–क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति जो लागू हो प्राप्त करने के लिए)

::द्वितीय सूचना::

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री करण सोनाने निवासी पठानवाड़ी खरगौन जिला खरगौन के द्वारा ऑनलाईन खनिज पत्थर/बोल्डर (स्टोन–क्रेशर) उत्खनिपट्टा नया आवेदन पत्र दिनांक 14–06–2023 को प्रस्तुत किया गया है। अतः 30 दिवस की अवधि बाबत दिनांक 14–07–2023 से 29–07–2023 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई–खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/शासकीय | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खण्डवा | खण्डवा | सिगोट | 1216, 1215, 1209, 1210, 1213, 1222 | 19.330 | शासकीय भूमि | खनिज गिट्टी/बोल्डर | आई. डी. क्रमांक 31688 |
| | | | कुल रकबा | 19.330 | | | |

1– उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

2– यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।

3– यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।

4– यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।

5– निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

सहायक खनि अधिकारी
जिला खण्डवा (म.प्र.)

G-17107/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।




## युवाओं ने ली आम आदमी पार्टी की सदस्यता

**कटनी, यशभारत।** आम आदमी पार्टी कार्यालय में प्रदेश सह सचिव अनिल सिंह सेंगर, खजुराहो लोकसभा अध्यक्ष शिवप्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा, जिला संयुक्त सचिव प्रकाश जैन, सोशल मीडिया प्रभारी निर्मल गौतम की उपस्थिति में युवा समाजसेवी छात्र नेता अभय दुबे, आदित्य चौधरी, नितिन अहिरवार, अभय रजक, कुनाल श्रीवास, आकाश चौधरी, सोहेल अंसारी, कृष्णा दुबे, अमन दुबे, शिवा तिवारी, लवकुश यादव, अरुण रजक समेत दर्जनों साथियों ने आप की सदस्यता ग्रहण की। सभी पदाधिकारियों ने नए साथियों को माला पहनाकर सदस्यता रसीद काटकर सक्रिय सदस्यता दिलाई एवं पार्टी की विचारधारा से अवगत कराया गया। अभय दुबे सहित युवाओं ने बताया कि दिल्ली और पंजाब में जो आमजन की जरूरी मूलभूत सुविधाओं बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य पर आम आदमी पार्टी की सरकारों ने काम किया है, वह आम मध्यम वर्गीय और गरीबों के लिए संजीवनी का कार्य कर रही है। ऐसी नीति मध्यप्रदेश में भी लागू हो इसके लिए हम सब युवा आप से जुड़कर नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा ने सभी को शुभकामनाएं दी।

### युवक ने खुद को लगाई आग

**कटनी, यशभारत।** पौनिका गांव में पड़ोसियों से विवाद होने के मामले में आक्रोशित होकर खुद को आग लगा ली है। युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैए जहां उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार वासुदेव 30 वर्ष निवासी ग्राम पौनिया थाना स्लीमनाबाद का नाली का पानी बहने को लेकर विवाद हुआ।

### आधी रात भिड़े शराब दुकान के कर्मचारी

कटनी, यशभारत। सुभाष चौक स्थित शराब दुकान में हिसाब-किताब में गड़बड़ी को लेकर कर्मचारी आपस में भिड़ गए। नीरज कुमार निवासी औरंगाबाद बिहार हाल शराब दुकान सुभाष चौक की शिकायत पर सचिन शर्मा, राजू पटेल निवासी जबलपुर एवं राजकुमार पटेल निवासी रांझी जबलपुर की शिकायत पर नीरज कुमार उर्फ सोनू सिंह निवासी सुभाष चौक शराब दुकान के खिलाफअपराध पंजीबद्ध किया है।


**किराए से देना है**

एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।

संपर्क-8109417340



प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ

mgm NURSING

एम.जी.एम. स्कूल/ कॉलेज ऑफ नर्सिंग

SC/ST/OBC छात्र - छात्राओं को स्कॉलरशिप शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जायेगी

जिले में सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. कोर्स में प्रवेश प्रारंभ

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1. | बी.एस.सी. ( नर्सिंग ) | 4 वर्ष | 12वीं ( बायो ) |
| 2. | जी.एन.एम. ( नर्सिंग ) | 3 वर्ष | 12वीं ( किसी भी विषय ) |
| 3. | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.( नर्सिंग ) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

जिला अस्पताल, कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इंडियन नर्सिंग कांउसिल नई दिल्ली, मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, मध्यप्रदेश स्टेट नर्सेस कांउसिल भोपाल, मध्य प्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी

फोन. 07622&405074 मो. 7771001902

कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी ( म.प्र. )



**सिटी मॉल बरही रोड में**



ऑल इंडिया रिलीज

21 जुलाई से रोजाना 2 शो

06.00 PM (AUDI-1)
09.30 PM (AUDI-1)

OPPENHEIMER-2D (IN HINDI)

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**



शानदार दूसरा सप्ताह

21 जुलाई से रोजाना 2 शो

12.00 PM (AUDI-1)
03.00 PM (AUDI-1)


MISSION IMPOSSIBLE DEAD RECKONING PART ONE

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**

ऑल इंडिया रिलीज



21 जुलाई से रोजाना 4 शो

01.00 PM (AUDI-2)
04.00 PM (AUDI-2)
07.00 PM (AUDI-2)
10.00 PM (AUDI-2)

अजमेर-92

कलाकार- करन वर्मा, सुमित सिंह, राजेश शर्मा, जरीना वहाब आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

## » न्यूज गैलरी

### भाजपा ने एक दर्जन से अधिक समितियों की जिम्मेदारी सौंपी

**भोपाल यशभारत।** मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने तैयारी तेज कर दी है। लगातार दो दिन पार्टी मुख्यालय में बैठकों का दौर चला। रविवार को पार्टी ने चुनाव को लेकर एक दर्जन से ज्यादा समितियों की कमान नेताओं को सौंप दी। इसमें चुनाव प्रबंधन समिति से दूसरी समितियों के समन्वय का काम पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता को सौंपा गया है। चुनाव प्रबंध समिति के दूसरी समितियों के साथ समन्वय में पूर्व सांसद आलोक संजर और वरिष्ठ नेता प्रदीप त्रिपाठी को भी उमाशंकर गुप्ता के साथ जोड़ा गया है। प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव, प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत पार्टी के नेताओं की रविवार को दिनभर बैठक चलती रही। बैठक में अलग-अलग समितियों के काम नेताओं को सौंपे गए ।इसमें प्रमुख रूप से वित्त समिति की कमान हेमंत खंडेलवाल को सौंपी गई है। उनके साथ पार्टी के कोषाध्यक्ष अनिल जैन को सदस्य बनाया गया है। वहीं, चुनाव में बाहर से आने वाले नेताओं की समिति की जिम्मेदारी पार्टी के कार्यालय मंत्री राघवेंद्र सिंह को सौंपी गई। सोशल मीडिया की जिम्मेदारी हितेश वाजपेयी, मीडिया प्रबंधन आशीष अग्रवाल, विमानन समिति राजेंद्र सिंह राजपूत, कॉल सेंटर वरिष्ठ नेता शैलेंद्र शर्मा के अलावा लाभार्थी हितग्राही समिति की जिम्मेदारी मंत्री विश्वास सारंग और महेंद्र सिह सिसोदिया को सौंपी गई।

### नई सेवा शर्तों का संविदा कर्मचारियों ने शुरू किया विरोध

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने 2.50 लाख संविदा कर्मचारियों की नई सेवा शर्ते जारी कर दी है। इसका संविदा कर्मचारियों ने विरोध शुरू कर दिया है। कर्मचारियों का कहना है कि अधिकारियों ने मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार सेवा शर्ते नहीं बनाई है। इसको लेकर हमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात करेंगे और घोषणा के अनुसार सेवा शर्ते लागू करने की मांग करेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से 32 विभागों में कार्यरत कर्मचारियों का अनुबंध की जगह नवीनीकरण किया जाएगा। कर्मचारियों का कहना है इसमें सिर्फ नाम बदला है। यानी अनुबंध की तरह ही वार्षिक मूल्यांकन के आधार पर सेवा आगे बढ़ाएंगे। मध्य प्रदेश संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर ने कहा कि जबकि मुख्यमंत्री ने अनुबंध समाप्त करने को कहा था।

### डॉयल 100 के ड्राइवर हड़ताल पर, चरमराई सुरक्षा व्यवस्था

**भोपाल , यशभारत।** मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव है। इससे पहले हर वर्ग अपनी मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बना रहा है। ऐसे में अब डॉयल 100 के ड्राइवर भी अपनी मांगों को लेकर सोमवार से हड़ताल पर जा रहे है। इससे प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था चरमा सकती है। प्रदेश में डॉयल 100 से जुड़े करीब तीन हजार ड्राइवर हड़ताल पर रहेंगे। ड्राइवर पुलिस मुख्यालय के सामने धरना देंगे। आउटसोर्स एवं ठेका श्रमिक संघ के अध्यक्ष विक्रमलाल राजोरिया ने बताया कि हमारी मांगों को लेकर कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### अमरगढ़ झरने में फिर एक युवक की मौत

भोपाल, यशभारत। सीहोर जिले के बुधनी के शाहगंज के पास स्थित अमरगढ़ झरने में रविवार को एक 29 वर्षीय युवक डूब गया। डूबने वाला युवक शिवकांत यादव पिता बलराम यादव उम्र 29 साल निवासी मालाखेड़ी नर्मदापुरम का बताया जा रहा है, जो कि रविवार दोपहर को अपने दोस्तों के साथ अमरगढ़ झरने में पिकनिक मनाने आया था। वहीं, नहाने के दौरान वह फिल्मी स्टाइल में झरने पर छलांग लगा रहा था, तभी गहरे पानी में डूब गया और बह गया।बताया जा रहा है कि मौके पर पहुंची शाहगंज पुलिस वन विभाग की टीम और गोताखोर की मदद से युवक को चार घंटे से अधिक समय तक रेस्क्यू किया गया,।

### सीहोरा विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी खिलाड़ी सिंह आर्मो हुए भाजपा में शामिल

भोपाल, यशभारत। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद के समक्ष रविवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में विधानसभा चुनाव 2018 में सीहोरा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे खिलाड़ी सिंह आर्मो ने कांग्रेस की उपेक्षा व प्रताड़ना से पीड़ित होकर एवं भारतीय जनता पार्टी की जन हितैषी नीतियों तथा पार्टी नेतृत्व से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

---

विकास पर्व में पूरे प्रदेश में चल रहा विकास का महायज्ञ

# जनता का सुख-दुख मेरा सुख-दुख : मुख्यमंत्री चौहान

**भोपाल, यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जनता का सुख-दुख मेरा सुख-दुख है। प्रदेश की जनता की खुशहाली के लिए मैं दिन-रात काम कर रहा हूँ। विकास पर्व के तहत पूरे प्रदेश में विकास का महायज्ञ चलाया जा रहा है। अनेक निर्माण एवं विकास कार्यों का शिलान्यास तथा भूमि-पूजन किया जा रहा है। सड़क, बिजली, पेयजल, सिंचाई के लिए पानी तथा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।**

मुख्यमंत्री चौहान चकल्दी में विकास पर्व कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने चकल्दी में 81 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण/भूमि-पूजन किया और चकल्दी में महाविद्यालय खोलने की घोषणा की। अनेक योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि पहले सिंचाई की व्यवस्था नहीं होने के कारण उत्पादन कम होता था। खेती में किसानों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अब अनेक सिंचाई परियोजनाओं से हर किसान के खेत तक पानी पहुँचाने का काम किया जा रहा है। आज चकल्दी में लोकार्पित पाटतलाई उद्वहन सिंचाई योजना से पाटतलाई, अमीरगंज एवं पलासपानी जैसे पहा?ी गाँवों के खेतों तक सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा और तीनों गाँवों के 661 किसानों की 889 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जमोनिया और



चतरकोटा सिंचाई योजना का भी आज भूमि- पूजन किया गया है। धीरे-धीरे विभिन्न सिंचाई योजनाओं से हर किसान के खेत तक सिंचाई के लिए पानी पहुँचाया जाएगा। पहले पीने के पानी के लिए भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब नर्मदा का जल घरों तक पहुँचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि किसी समय इस पूरे इलाके में आने-जाने के रास्ते नहीं थे। कहीं भी आने-जाने में पूरा दिन लग जाता था। जनता के लिए यह अकल्पनीय था कि यहाँ अच्छी सड़कें बनेंगी। अब चारों तरफ शानदार सड़कों का जाल बिछाया गया है। कई सड़कों का भूमि-पूजन हुआ है। खेत सड़क भी बनाई जाएंगी।मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि कृषि क्षेत्र में प्रदेश में क्रांति हो रही है। किसान वर्ष में तीन फसल ले रहे हैं। राज्य में मूंग खरीदी का कार्य चल रहा है। किसान-कल्याण योजना में छोटे से छोटे किसान को वर्ष में 12 हजार रूपए की राशि प्राप्त हो रही है। पूर्व सरकार ने किसानों पर कर्जा चढ़ा दिया था, जिसे उतारने का कार्य किया गया। हमारी सरकार में कृषि का उत्पादन बढ़ा है और किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है। किसानों को 18 प्रतिशत ब्याज पर मिलने वाला फसल ऋष्ण अब शून्य प्रतिशत ब्याज पर दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि पहले पैसों के अभाव में बहनों को बच्चों तथा घर की जरूरतों को पूरा करने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से अब महिलाएँ अपनी छोटी-छोटी जरूरतें पूरी कर पा रही हैं। योजना में बहनों के खातों में एक-एक हजार रुपए की राशि डाली जा रही है। इस राशि को धीरे-धीरे बढ़ाकर 3000 रूपए तक किया जाएगा।मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि पहले जब मैं विधायक था, तो अपने साथियों के साथ मिलकर बेटियों की शादी करवाता था। आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना में प्रदेश की अनेक बेटियों की शादी धूमधाम से कराई जा रही है।



## प्रतिवर्ष 10 करोड़ खर्चने के बाद भी सड़कों पर हजारों मवेशी

**भोपाल यशभारत।** फिलहाल शहर के लोग एक नहीं, बल्कि कई मोर्चो पर परेशानियों को सामना कर रहे हैं। इनमें जलभराव, सड़कों पर हुए गड्ढे, कीचड़ तो है ही, साथ वर्षा शुरू होते ही सड़कों पर बढ़ी मवेशियों की संख्या ने भी नाक में दम कर रखा है। वर्तमान में हजार, दो हजार नहीं, बल्कि पूरे शहर में 50 हजार से अधिक मवेशी सड़कों पर है। इनमें भी 50 प्रतिशत बैलों की संख्या हैं। ये बैठे रहते हैं, सड़कों पर घूमते हैं। दिन से ज्यादा रात में इनका जमावड़ा लगा रहा है। यहीं गोबर करते हैं और शहर की सूरत बिगाड़ रहे है। ऐसी कोई सड़क नहीं है, जिस पर मवेशी न हो। ये राहगीरों का रास्ता तो रोकते ही है, रात के अंधेरे में दुर्घटनाओं की वजह भी बन रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार इन मवेशियों को रोकने स्थायी समाधान नहीं खोज पा रहे हैं। गायों को तो कई बार पकड़कर खानापूर्ति करते भी हैं, लेकिन बैलों को तो पकड़ते ही नहीं।

**बन रहे अंधेरे में दुर्घटनाओं कर वजह,रोकने नहीं खोज पार रहे समाधान**

## बिना अनुमति जिला पंचायत सीईओ ने कटवा दिया 40 वर्ष पुराना पेड़

**भोपाल, यशभारत।** राजधानी के बैरसिया जनपद पंचायत परिसर में एक हरे-भरे वृक्ष को काटने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि यह वृक्ष 40 साल पुराना था। यहां हैरान करने वाली बात यह है कि वृक्ष को कटवाने की अनुमति नगर पालिका से नहीं ली गई थी, इसके बावजूद इसे कटवा दिया गया।

इधर पेड़ कटाई के मामले में जनपद पंचायत के सीईओ दिलीप जैन का कहना है कि यह पुराना पेड़ जर्जर हो गया था। इस वजह से छह माह पहले



इसको काटने के लिए नगर पंचायत से अनुमति ली गई है। हालांकि जब इस बारे में नगर पालिका के सीएमओ जाहिद अली से बात की गई तो उन्होंने जनपद पंचायत परिसर में पेड़ कटाई के लिए कोई भी अनुमति देने से इंकार कर दिया। उनका कहना था कि हमारे यहां से कोई अनुमति नहीं दी गई है। वह जनपद वाले कटवा रहें होंगें, उनका विभाग है।हालांकि इस मामले में विवाद बढ़ा तो जनपद पंचायत के सीईओ ने जनपद पंचायत द्वारा एक पुरानी सूखे पेड़ों की तहसीलदार से ली गई अनुमति का दस्तावेज उपलब्ध कराया। जिसमें तीन बबूल एवं दो यूकेलिप्टस के सूखे पेड़ की अनुमति तहसीलदार द्वारा दी गई थी। जबकि हरे-भरे छायादार पेड़ को कटवा दिया गया।

## नवविवाहिता ने लगाई फांसी, प्रेम-प्रसंग में जान देने का शक

**मैनिट में संविदाकर्मी है पति, मूलत : मोहाली पंजाब की रहने वाली थी मृतका, पुलिस को नहीं मिला सुसाइड नोट**


**भोपाल,यशभारत।** टीटी नगर थाना क्षेत्र की मद्रासी कालोनी पंचशील नगर में रविवार शाम नवविवाहिता ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। चार दिन पहले 19 जुलाई को ही उसकी शादी हुई थी। पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला। मायका पक्ष ने किसी तरह के आरोप नहीं लगाए हैं। हालांकि पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। उसमें मृतका के प्रेम प्रसंग का बिंदु सामने आ रहा है। नवविवाहिता मोहाली पंजाब की रहने वाली थी। उसके माता-पिता अभी भोपाल में ही हैं। पुलिस को प्रारंभिक जांच मालूम चला कि मृतका किसी युवक से प्रेम करती थी। युवती की शादी के बाद पंजाब में उसने भी खुदकुशी कर ली है। हालांकि पुलिस पूरे मामले को लेकर जांच में लगी है, उसने पंजाब से पूरे मामले की जानकारी मांगी है।पुलिस के अनुसार मूलरूप से मोहली पंजाब निवासी कुमारी निशा



(22) की शादी विगत 19 जुलाई को मद्रासी कालोनी पंचशील नगर में रहने वाले साजन अमृतहले से हुई थी। बेटी की शादी करने के लिए माता-पिता व अन्य रिश्तेदार भोपाल आए थे। साजन अमृतहले मैनिट में संविदाकर्मी है। शादी के बाद निशा के माता-पिता भोपाल में रहने वाले अपने रिश्तेदार के घर रुके हुए थे। परिजन का कहना है कि शादी होने के बाद सबकुछ ठीक-ठाक चल रहा था। इस बीच रविवार 23 जुलाई की शाम बेटी निशा की मौत की सूचना मिली। पुलिस ने बताया कि उनके बेटी ने मद्रासी कालोनी स्थित ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एएसआइ अखिलेश त्रिपाठी का कहना है कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों ने भी किसी पर संदेह व्यक्त नहीं किया है। शार्ट पीएम रिपोर्ट आने के बाद विस्तृत बयान दर्ज किए जाएंगे।

## शिवनगर में ठेकेदार ने की खुदकुशी


**भोपाल, ईएमएस।** छोला मंदिर थाना इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने घर में फांसी लगा ली। वह निर्माणाधीन मकानों में सेंट्रिंग लगाने के ठेके लेता था। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिलने से अभी खुदकुशी की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटना शनिवार रात की है। उधर, अशोका गार्डन के सेमरा में एक युवा छात्र ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



छोला मंदिर थाना पुलिस के मुताबिक 47 वर्षीय कल्याण सिंह शिवनगर में परिवार के साथ रहते थे। परिवार में पत्नी के अलावा उनके चार बच्चे हैं। शनिवार रात खाना खाने के बाद कल्याण सिंह पहली मंजिल पर बने अपने कमरे में सोने के लिए चले गए थे, जबकि परिवार के लोग नीचे थे। रात करीब 12 बजे ऊपर की मंजिल पर कुछ गिरने की आवाज आने पर पत्नी, बच्चे ऊपर पहुंचे तो कल्याण को फांसी पर लटककर तड़पते हुए देखा। फंदा काटकर नीचे उतारने के बाद उन्हें हमीदिया अस्पताल ले जाया गया। वहां चेक करने के बाद डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## मेट्रो स्टेशनों में लगेगा आधुनिक साइबर सिक्योरिटी सिस्टम, निर्माण कार्य ने पकड़ी रफ्तार

**भोपाल , यशभारत।** भोपाल और इंदौर में मेट्रो का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। आगामी सितंबर माह में दोनों महानगरों में मेट्रो का ट्रायल रन करवाने की कोशिश है। यहां पर यह भी बता दें कि मेट्रो कई आधुनिक सुरक्षा प्रणालियों से लैस होगी, जिसमें अनअटेंडेंट आब्जेक्ट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम और डिरेलमेंट डिटेक्शन सिस्टम के जरिए यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा ट्रेन के संचालन के लिए इनबिल्ट साइबर सिक्योरिटी सिस्टम का भी इस्तेमाल किया जाएगा। सभी सुरक्षा प्रणालियों के कारण जहां ट्रेन में सफर आरामदायक होगा। वहीं यात्रियों



को पूरी सुरक्षा भी मिलेगी।

मप्र मेट्रो कार्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों ने बताया कि मेट्रो ट्रेन के कोच और स्टेशन के साथ अन्य स्थनों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इनमें कैप्चर होने वाले वीडियो से संदिग्ध व्यक्ति का चेहरा मिलान कर वीडियो एनालिटिक्स सिस्टम के जरिए उसकी पहचान की जाएगी। इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम की मदद ली जाएगी। इसकी मदद से डाटा तैयार किया जाएगा। जिसमें अपराधियों और गुमशुदा बच्चों के फोटो अपलोड किए जाएंगे। अपराधी जैसे ही कैमरे के संपर्क में आएगा, अलार्म बजना शुरु हो जाएगा। इस सिस्टम को मेट्रो के सेंट्रल सर्वर से जोड़ा जाएगा। लंबे समय तक वीडियो फुटेज संरक्षित रखे जा सकेंगे। खास बात यह होगी कि इस सिस्टम के तहत चश्मा पहने हुए व्यक्ति की पहचान करना भी आसान होगा। अनअटेंडेंट आब्जेक्ट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम ¬ इस सिस्टम की सहायता से मेट्रो और प्लेटफार्म पर हर वस्तु पर मेट्रो के संचालन के दौरान सुरक्षाकर्मी बारीक नजर रखेंगे।

## सेमरा में छात्र ने फांसी लगाकर दे दी जान

भोपाल, ईएमएस। अशोका गार्डन के सेमरा में रहने वाले 18 वर्षीय छात्र अनुराग धाकड़ ने फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक के स्वजनों ने पुलिस को बताया है कि वह 12वीं पास करने के बाद कालेज में प्रवेश लेना चाहता था, लेकिन स्कूल से उसे टीसी और अंकसूची नहीं मिल पा रही थी। अब पुलिस स्वजनों के बयान पर मामले की जांच कर रही है। अशोका गार्डन के एएसआइ के. पन्ना के मुताबिक मूलरूप से गैरतगंज निवासी अनुराग धाकड़ने 12वीं की कक्षा उत्तीर्ण की थी। स्कूल से मार्कशीट व ट्रांसफर सर्टिफिकेट लेने के लिए वह चक्कर काट रहा था। स्कूल प्रबंधन किसी कारण से अंकसूची और टीसी देने में आनाकानी कर रहा था। टीसी नहीं मिलने से अनुराग कालेज में प्रवेश नहीं ले पा रहा था। अनुराग के पिता निजी काम करते हैं, जबकि मां औद्योगिक क्षेत्र में काम करती हैं। शनिवार दोपहर अनुराग ने कमरा बंद कर फांसी लगा ली।



## मोदी, शिवराज की सरकारों में हुआ दलित के हित में सर्वाधिक काम - लालसिंह आर्य

**भोपाल, राज्य ब्यूरो।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में सोमवार को पत्रकार-वार्ता की। उन्होंने कहा कि मप्र के सागर में विश्व का सबसे बड़ा संत रविदास का भव्य मंदिर बनाया जा रहा है। जन अभियान परिषद के सहयोग से सामाजिक एकता और समरसता का संदेश देने के उद्देश्य से पांच यात्राएं निकलेंगी। श्योपुर से नरेन्द्र सिंह तोमर, सिंगरौली से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, नीमच से उषा ठाकुर और अंतर सिंह आर्य, बालाघाट में भूपेंद्र सिंह और मांडव से कैलाश विजयवर्गीय यात्रा का शुभारंभ करेंगे।लाल सिंह आर्य ने कहा कि 12 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सागर में संत रविदास जी के मंदिर की आधार शिला रखेंगे। यह पांच यात्राएं 18 दिन चलेगी और 19वें दिन सागर पहुंचेगी। 53 हजार गांव से मिट्टी, पवित्र नदी का जल और अन्न एकत्र किया जाएगा। रविवार को भोपाल से पांच यात्रा रथ रवाना किए गए हैं। रथ में चरण पादुका भी हैं। यात्रा के लिए प्रदेश में 21 टोलियां बनी हैं, जिलों और विधानसभा में भी टोलियां बनाई गई हैं।छतरपुर में एक युवक पर मल डालने की घटना पर आर्य ने कहा कि दलितों पर सबसे ज्यादा अत्याचार, महिलाओं से बलात्कार कांग्रेस की राजस्थान सरकार में हो रहे है।



### महापौर ने किया सावन महोत्सव का शुभारंभ

भोपाल (ईएमएस)। महापौर श्रीमती मालती राय ने दुष्यंत कुमार संग्रहालय में सावन महोत्सव का शुभारंभ किया और सावन मास की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए झूले व अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों का आनन्द लिया। महापौर श्रीमती मालती राय ने रविवार को दुष्यंत कुमार संग्रहालय में विन्ध सहयोग मंच विन्ध महिला जागृति मंच द्वारा आयोजित सावन महोत्सव का शुभारंभ किया। महापौर श्रीमती राय ने सावन की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परम्पराओं को बनाए रखने एवं आने वाली पीढ़ी को इन परम्पराओं से जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है।

## अस्पताल में मेडिकल स्टोर खुलवाने का झांसा देकर दवा कारोबारी से 11.65 लाख की ठगी

भोपाल,ईएमएस। क्राइम ब्रांच ने एक दवा कारोबारी की शिकायत पर अस्पताल के डाक्टर पर धोखाधड़ी की धाराओं में एफआइआर दर्ज कर ली है। आरोपित ने अस्पताल खोलने के बाद उसमें मेडिकल स्टोर खुलवाने का झांसा देकर पीड़ित से 11.65 लाख रुपये ले लिए थे। रुपये लेने के दो साल बाद भी अस्पताल नहीं बना तो पीड़ित ने रुपये वापस मांगे। पहले तो आरोपित टालमटोल करता रहा, बाद में रुपये देने से मना कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने इसकी शिकायत क्राइम ब्रांच थाना में



की थी। आवेदन की जांच के बाद पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है।क्राइम ब्रांच के मुताबिक पिपलानी निवासी विकास बिलथरे दवा का काम करते हैं। वर्ष 2021 में उनकी मुलाकात सिकंदराबाद रातीबड़ निवासी डा. सजहर अंसारी से हुई थी। डाक्टर ने उन्हें बताया कि वह फंदा खजूरी में नेशनल नाम से अस्पताल खोलने जा रहे हैं। इस अस्पताल में दो मेडिकल स्टोर की दुकानें भी रहेंगी, जिन्हें संचालित करने वाले की तलाश है। विकास ने कहा मुझे यह दुकानें दे दो, मैं मेडिकल स्टोर संचालित कर लूंगा। इस पर डाक्टर अंसारी ने कहा कि दोनों दुकान मैं दे सकता हूं, लेकिन इसके लिए कुछ रुपये अस्पताल निर्माण में निवेश करने होंगे।

**पहल** 25 हजार रुपये तक दे सकेंगे स्वेच्छानुदान

## मप्र में चुनावी वर्ष में बढ़ाए विधायकों के अधिकार

**भोपाल यशभारत। विधानसभा चुनाव से चार माह पहले शिवराज सरकार ने विधायकों के अधिकार में वृद्धि की है। अब एक बार में एक व्यक्ति को वे 25 हजार रुपये तक स्वेच्छानुदान दे सकेंगे। इसी प्रकार संस्थाओं के मामले में यह राशि तीस हजार रुपये तक होगी। इस वर्ष से विधायकों का स्वेच्छानुदान 25 लाख रुपये बढ़ाकर 75 लाख रुपये कर दिया है। बजट भी एक बार में ही जारी कर दिया है ताकि स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार इसका उपयोग किया जा सके।**

प्रदेश में अभी विधायक किसी मामले में व्यक्ति की अधिकतम 10 हजार रुपये की सहायता



कर सकते थे। संस्था के मामले में यह राशि बीस हजार रुपये थी। विधायक इसमें वृद्धि की मांग लंबे समय से कर रहे थे। सत्तापक्ष और प्रतिपक्ष के सभी सदस्य इससे सहमत थे।

### मुख्यमंत्री ने दी स्वीकृति

इसे देखते हुए वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा की अध्यक्षता में समिति बनाई गई थी। इसने सभी पक्षों पर विचार करने के बाद स्वेच्छानुदान के उपयोग के प्रविधान में संशोधन करने की अनुशंसा की थी, जिसे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की स्वीकृति मिलते ही लागू कर दिया है। समिति के सदस्य यशपाल सिंह सिसौदिया ने बताया कि सभी विधायकों को योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की ओर से संशोधित प्रविधान के बारे में बता दिया गया है।

### इन्हें दिया जा सकता है अनुदान

अब चिकित्सा, शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कार, मुक्त बंधुआ मजदूर की लड़की के विवाह, गरीब, अनाथ या दिव्यांगजन को स्वेच्छानुदान दिया जा सकता है। इसी तरह सार्वजनिक प्रयोजन के कार्य के लिए संस्था को तीस हजार रुपये तक स्वेच्छानुदान दिया जा सकेगा।



## मंत्री ने लाई इंजीनियर को कड़ी फटकार

**भोपाल यशभारत।** नरेला विधानसभा क्षेत्र स्थित राजीव नगर में हाल में ही नई नालियों का निर्माण किया गया है, लेकिन इसमें पानी का बहाव ठीक नहीं होने से इसका गंदा पानी लोगों के घरों में घुस रहा है। रविवार को क्षेत्र में रहवासियों से मिलने जब चिकित्सा शिक्षा मंत्री व क्षेत्रीय विधायक विश्वास सारंग पहुंचे तो लोगों ने इसकी शिकायत की, जिसके बाद मंत्री ने संबंधित इंजीनियर को बुलाकर फटकार लगाई और नाली का बहाव ठीक करने के निर्देश दिए।बता दें कि रविवार को विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का मंत्री भूमिपूजन करने पहुंचे थे। इसके बाद वो निर्माण कार्यों का आडिट करने के लिए न्यू राजीव नगर में रहवासियों के बीच पहुंचे।

## यशोदा वृद्धाश्रम की चादर से बनी छत उड़ी

**भोपाल ,यशभारत।** एक तरफ सरकार बुजुर्गों को हवाई जहाज से तीर्थ दर्शन करा रही है, उधर दूसरी तरफ राजधानी में पिछले तीन दिन से वृद्धाश्रम में रह रहे 28 बुजुर्गों की रात जैसे आंखों में ही कट जाती है। आसमान पर बादल आने पर वे लोग सहम जाते हैं। दरअसल चार दिन पहले चली आंधी में नौकरशाहों की पाश कालोनी चार इमली में बने यशोदा वृद्धाश्रम की टीन की चादर से बनी छत उड़ गई थी। गरज-चमक के साथ हुई वर्षा से उनके तमाम कपड़े भी गीले हो गए थे। उस घटना के बाद किसी तरह की कोई मदद नहीं मिल पाने के कारण वे लोग बिना छत के आश्रम में रहने को अभिशप्त हैं। इन बुजुर्गों का कहना है कि हवाई जहाज से तीर्थयात्रा करने की हमारी हसरत नहीं है। सरकार बस आंधी से तबाह हुए आश्रम की छत की मरम्मत भर करा दे। अपनों की ठोकर से बेघर होने के बाद यह वृद्धाश्रम ही हमारा घर है। टीन की चादर उड़ने से बीते चार दिनों से वर्षा का पानी निकालते-निकालते रात काट रहे हैं। कोई अधिकारी हमारी व्यथा सुनने को तैयार नहीं है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को हमारी भी सुध लेना चाहिए। यशोदा वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने अपनी पीड़ा नवदुनिया से साझा करते हुए बताया कि गुरुवार को आंधी-पानी से चार इमली ज्योतिबा फुले नगर स्थित यशोदा वृद्धाश्रम की टीन की चादरें उड़ गई थीं, तब से आश्रम में रहने वाले आठ बुजुर्गों के सिर पर छत नहीं है।

**बेसहारा बुजुर्गों की आंखों में कट रही रात**

# लाड़ली बहना योजना के नए हितग्राहियों के पंजीयन शुरू

## नगर निगम सीमांतर्गत 45 वार्डो हेतु जोन कार्यालय एवं निगम कार्यालय में हो रहा पंजीयन




**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 में राज्य शासन द्वारा किये गए संशोधन के अनुक्रम में 01 जनवरी 2023 को 21 वर्ष या उससे अधिक तथा 23 वर्ष से कम आयु की समग्र पोर्टल पर आधार ई- केवाईसी पूर्ण कराते हुए नवीन हितग्राहियों के ऑनलाईन आवेदनों का पंजीयन आज से शुरू होकर 20 अगस्त तक किया जाना है। कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने आदेश जारी कर नगर निगम कटनी सीमान्तर्गत सभी 45 वार्डो के आवेदन पंजीयन की कार्यवाही एवं कार्य व्यवस्थाओं हेतु आयुक्त नगरपालिक निगम कटनी के निर्देशन व मार्गदर्शन मे मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की संपूर्ण कार्य व्यवस्थाओं का नोडल अधिकारी पवन कुमार अहिरवार उपायुक्त को नियुक्त किया जाकर सहयोगी कर्मचारी के रूप में जागेश्वर पाठक सहायक राजस्व अधिकारी एवं रविशंकर पाण्डेय योजना प्रभारी की डियूटी लगाई गई है। योजना के आवेदन जमा कराने हेतु निर्धारित शिविर स्थलों में टेंट शामियाना, पंखा, कुर्सी, टेबिल, प्रकाश व्यवस्था साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था हेतु पृथक पृथक अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने नगर पालिक निगम सीमान्तर्गत सभी वार्डो के आवेदन पंजीयन की कार्यवाही हेतु जोन कार्यालय तथा निगम कार्यालय में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। वार्ड क्रमांक 1 से 11 तक के नागरिकों हेतु बस स्टेण्ड ऑडीटोरियम जोन क्रमांक 1 का प्रभारी रविशंकर पाण्डेय योजना प्रभारी,वार्ड क्रमांक 12 से 22 तक के नागरिकों हेतु खिरहनी, दुर्गा चौक जोन क्रमांक 2 का प्रभारी उपयंत्री जे.पी. बघेल, वार्ड क्रमांक 23 से 33 तक के नागरिकों के लिए कार्यालय नगर पालिक निगम कटनी हेतु जोन प्रभारी धर्मेन्द सिंह सामुदायिक संगठक को तथा वार्ड क्रमांक 34 से 45 तक के हितग्राहियों के पंजीयन हेतु माधवनगर उपकार्यालय जोन क्रमांक 4 स्थल का चयन किया जाकर दल प्रभरी अश्विनी प्रसाद पाण्डेय को नियुक्त कर पंजीयन हेतु 21 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर श्री अवि प्रसाद द्वारा नगर निगम सीमा के समस्त वार्डो के आवेदन पंजीयन की कार्यवाही हेतु वार्डवार जोन कार्यालय एवं नगर निगम कार्यालय में आयोजित शिविर स्थल के अंतर्गत आने वाले वार्डो के वार्ड दरोगा, सहायक राजस्व निरीक्षक एवं सहयोगी कर्मचारियों को निरंतर वार्डो का भ्रमण कर योजना के संबंध में नवीन संशोधन से अवगत कराते हुए पात्र सदस्यों का निर्धारित समयावधि में आवेदन पंजीयन की कार्यवाही करनें के निर्देश दिए है।

### मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने किया सर्वे दल का गठन

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 के अंतर्गत 25 जुलाई से 20 अगस्त तक निकाय क्षेत्रान्तर्गत नगर के विभिन्न वार्डो में पृथक-पृथक सर्वे दलो द्वारा कैम्प लगाकर पात्र महिलाओं के फार्म पोर्टल में प्रविष्ट कराया जाना है। बरही एवं कैमोर के नगर पालिका अधिकारी द्वारा उक्त कार्य के पंजीयन हेतु विभिन्न पंजीयन स्थल चिन्हित करते हुए सर्वे दल का गठन किया जाकर 25 जुलाई से प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक समस्त वार्डो में केम्प आयोजित कर पोर्टल में 21 से 60 वर्ष की महिलाओं के फार्म प्रविष्ट कर लाभ प्रदान करने हेतु निर्देशित किया है।

### नगर परिषद बरही हेतु दल प्रभारी एवं स्थल

मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद बरही द्वारा जारी आदेशानुसार वार्ड क्रमांक 1 से 5 तक के हितग्राहियों हेतु आंगनबाड़ी भवन वार्ड क्रमांक- 4 में श्री अजय तिवारी दल प्रभारी के निर्देशन पांच आंगनबाडी कार्यकर्ता की ड्यूटी लगाई गई है। वार्ड क्रमांक 6 से 10 तक के हितग्राहियों हेतु आंगनबाडी भवन वार्ड क्रमांक 9 में दल प्रभारी महेश वर्मा सामुदायिक संगठक के साथ पांच आंगनबाडी कार्यकर्ता को नियुक्त किया गया है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 11 से 15 तक के हितग्राहियों के लिए आंगनबाडी भवन वार्ड क्रमांक 13 में श्री अशाके सोनी सहायक ग्रेड 3 के साथ भी पांच आंगनबाडी कार्यकर्ता का दल गठित किया जाकर महिलाओं के फार्म प्रविष्ट करनें हेतु निर्देशित किया गया है।

### नगर परिषद कैमोर हेतु दल प्रभारी एवं स्थल

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद कैमोर द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना कैम्प दल आदेश जारी कर वार्ड क्रमांक 01 एवं 08 तक के लिए आंगबाडी भवन इंदिरा नगर में कार्य हेतु सुरेन्द्र मिश्रा को वार्ड प्रभारी नियुक्त किया जाकर 3 कर्मचारियों को संलग्न किया है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 2 से 6 तक के लिए सामुदायिक मंगल भवन बारात घर में श्री कमल प्रसाद बर्मन सहायक राजस्व निरीक्षक के साथ 6 कर्मचारियों का दल गठित किया गया है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 7 के लिए आंगनबाडी केन्द्र बरापार स्थल का चयन कर शिवकुमार द्विवेदी सहायक ग्रेड -2 को दल प्रभारी नियुक्त कर 3 कर्मचारियों को, वार्ड क्रमांक 9 से 12 हेतु कैलाशनगर आंगनबाडी केन्द्र में कार्य हेतु दल प्रभारी राजेश बैगा वार्ड प्रभारी के साथ 4 कर्मचारी नियुक्त किये गए है हितग्राहियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए वार्ड क्रमांक 13, 14 एवं 15 हेतु शासकीय प्राथमिक शाला अमरैयापार में पंजीयन कार्य हेतु दल प्रभारी सुरेश प्रसाद गर्ग सहायक राजस्व निरीक्षक के साथ तीन कर्मचारियों की नियुक्ति की जाकर पोर्टल में 21 से 60 वर्ष की महिलाओं के फार्म प्रविष्टि करनें के निर्देश दिए गए है।

# कांग्रेस सरकार बनने पर होगा राम वनगमन पथ का निर्माण

## पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेता ने सीएम को बताया झूठ की मशीन




**कटनी,यशभारत।** उपभोक्ता उत्थान संगठन मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ला ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भाषण और घोषणा करने वाली मशीन बताया है। उन्होंने बीजेपी पर देश को धर्म के आधार पर विभाजित करने का आरोप लगाया है। वे काफी हाउस में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी सरकार ने प्रदेश, बेरोजगार युवाओं और किसानों को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिवराज सिंह एक घोषणा मशीन हैं, न केवल घोषणा करने वाली मशीन हैं, बल्कि वे बहुत बोलते भी हैं। वह भाषण करने वाली और झूठ बोलने वाली मशीन भी हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि भाजपा ने 18 साल राज्य में शासन किया, लेकिन उसके नेता यह नहीं बता रहे हैं कि इस दौरान उन्होंने क्या किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को आड़े हाथों लेते हुए आगे कहा अब वे विकास यात्रा निकाल रहे हैं। यह विकास यात्रा नहीं बल्कि निकास यात्रा है। कांग्रेस नेता हरिशंकर शुक्ला ने बताया कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर राम गमन पथ का निर्माण होगा। वे राम वन गमन पथ मार्ग समिति के संयोजक रह चुके हैं। उन्होंने चित्रकूट से अमरकंटक तक यात्रा भी निकाली थी। एक बार फिर इस इस यात्रा को निकालने की तैयारी कर चुके हैं।

### महिला अत्याचार मे प्रदेश सबसे आगे

पत्रकारों से बात करते हुए श्री शुक्ला ने कहां की मुख्यमंत्री चौहान अपने 18 साल के शासन का हिसाब नहीं दे रहे हैं, कांग्रेस नेता ने कहा कि कमलनाथ की सरकार ने 27 लाख किसानों के कृषि ऋण माफ किए। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश महिला अत्याचार, अनुसूचित जाति जनजाति के साथ अत्याचार में देश में सबसे आगे है। नौजवान उच्च शिक्षित होने के बाद भी रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे। महंगाई पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। विद्युत विभाग की मनमानी से हर कोई परेशान है।

### निवेशकों का पैसा लौटाने की प्रक्रिया जटिल

हरिशंकर शुक्ला ने कहा कि सहारा में निवेश करने वाले नागरिकों के अरबों रूपये के भुगतान की प्रक्रिया कोर्ट के आदेश से शुरू तो की गई है, लेकिन यह प्रक्रिया इतनी जटिल है कि दो तिहाई निवेशक प्रक्रिया ही पूरी नहीं कर सकेंगे। कांग्रेस सत्ता में आई तो सरल विधि से पैसा वापस दिलाया जाएगा। पत्रकारवार्ता में जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष विक्रम खम्परिया, प्रकोष्ठ के अध्यक्ष देवीदीन गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवकुमार यादव, केएल पांडे, पूर्व पार्षद संजय सिंह गोरा, योगेश पाठक, कमलेश कोरी आदि की मौजूदगी रही।



## 383.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

### गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष हुई 137.8 मिलीमीटर अधिक बारिश

**कटनी,यशभारत।** कटनी जिले में इस वर्ष 1 जून से 23 जुलाई की प्रातः तक की अवधि तक कुल 383.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि बीते वर्ष इसी अवधि के दौरान 245.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल पिछले वर्ष की तुलना में 137.8 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल अलोच्य अवधि तक वर्षा मापी केंद्र कटनी में 319.0 मिलीमीटर, रीठी में 464.8 मिली मीटर, बड़वारा में 333.0 मिलीमीटर, बरही में 299.0 मिलीमीटर, विजयराघवगढ़ में 241.2 मिलीमीटर, बहोरीबंद में 291.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसी प्रकार स्लीमनाबाद में 637.3 मिलीमीटर एवं ढ़ीमरखेड़ा में 479.0 मिलीमीटर वास्तविक वर्षा दर्ज की गई।

# टारगेट पूरा करने के लिए लाडली बहनों की गलत ई-केवायसी?



**कटनी, यशभारत ।** टारगेट पूरा करने के लिए गलत इ-केवायसी की चर्चा इन दिनों चल रही है। आपको बता दें कि जिले में 23 से 60 वर्ष तक उम्र की पात्रता रखने वाली महिलाओं को लाड़ली बहना योजना का लाभ प्रदेश सरकार द्वारा दिया जा रहा है। एक हजार रुपए प्रतिमाह सशक्तिकरण को लेकर दिए जा रहे हैं। इस योजना के चलते एक बड़ी विडंबना सामने आ गई है। लगभग सवा दो लाख महिला हितग्राहियों के परिवार में यदि किसी भी सदस्य का समग्र पोर्टल में नाम जुड़ना है या फिर अपडेशन होना है तो नहीं हो पा रहा है। समग्र अपडेशन में बड़े फर्जीवाड़े का अंदेशा है। टारगेट पूरा करने के लिए गलत इ-केवायसी करा दिया गया है। लोग अब समग्र सेंटर, नगर निगम, नगर परिषद व अन्य समग्र सेंटरों के चक्कर काटकर परेशान हैं। पूरे जिले में गंभीर समस्या बनी हुई है। इस समस्या की मुख्य वजह मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत समग्र पोर्टल पर आधार डी-लिंक न हो पाना है। इस योजना के अंतर्गत समग्र में आधार इ-केवायसी किया जाना अनिवार्य किया गया था। उक्त प्रक्रिया के दौरान लापरवाही पूर्ण आवेदन दर्ज करने एवं निकायों द्वारा गलत केवायसी को अप्रूव करने के कारण आवेदकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब आवेदक आधार डी-लिंक कराने के लिए परेशान हैं। निकायों द्वारा डी-लिंक किए जाने के लिए मिशन संचालक समग्र सुरक्षा मिशन को भी अवगत कराया गया है, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। बात प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश स्टेट इलैक्ट्रानिक्स डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड तक भी बात पहुंची है, लेकिन हल नहीं निकला।

# देश की प्रगति में सहायक होते हैं जिम्मेदार कर दाता



**कटनी,यशभारत।** आयकर के 163 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 24 जुलाई को 164 वां आयकर दिवस मनाया गया। इसके तहत आयकर कार्यालय कटनी में प्रमुख करदाताओंए सीए एवं टैक्स बार एसोशिएशन के सदस्यों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक आयकर आयुक्त वृत्ता (कटनी) योगन्द्र ठाकुर ने की एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में आयकर अधिकारी (वार्ड-कटनी) आशुतोष चटर्जी एवं अनिल कुमार जार भी मौजूद रहे। प्रमुख करदाताओं में पवन मित्तल, सुरेश गुप्ता, डॉ. विकास गुप्ता, मनीष घई, वरुण गौतम आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन आयकर निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने किया। आयोजन में आमंत्रित सभी करदाताओं का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। योगेन्द्र ठाकुर ने उद्बोधन में ईमानदारी से कर देने एवं देश के प्रगति में अपनी भगीदारी बढ़ाने का संदेश दिया। इसके पश्चात सीए सुशील शर्मा, अध्याक्ष चैम्बर ऑफ कॉमर्स पवन मित्तल, मनीष घई ने अपने विचार रखे एवं विभाग के सौहाद्रपूर्ण व्व्हार के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के अंत में आयकर अधिकारी आशुतोष चटर्जी द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में आयकर निरीक्षक श्याम सिंह यादव, मनोज कुमार सिहं एवं सभी स्टाफ ने अपना विशिष्ट योगदान दिया।



# भाजपा कर रही रविदास मंदिर निर्माण यात्रा की तैयारी

**कटनी, यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आज संत रविदास मंदिर निर्माण यात्रा की तैयारियों के संबंध में संचालन टोली की बैठक का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने कहा कि संत रविदास मंदिर निर्माण यात्रा समाज में समरसता का भाव पैदा करेगी। जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय ने यात्रा के सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि 25 जुलाई से प्रारंभ हो रही यह यात्रा 8 अगस्त को कटनी जिले में प्रवेश करेगी जो चारों विधानसभा का भ्रमण करेगी। यात्रा के सह संयोजक, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवकुमार चौधरी ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत मंदिर निर्माण के लिए प्रदेश के प्रत्येक गांव व बस्ती से कार्यकर्ताओं द्वारा नदियों से जल एकत्रित किया जाएगा और चरण पादुका पूजन का आयोजन किया । जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, रवि खरे, मृदुल द्विवेदी, अशोक सोनी, लालकमल बंसल, धीरेंद्र सिंह, भरत पटेल, अजीत महोबिया, मोहन मुंगेरिया, सुखदेव चौधरी, जीवन चौधरी, शारदा महोबिया, रतिलाल रैदास, करण रैदास, विनोद तामिया आदि उपस्थित रहे।

# मणिपुर घटना के विरोध में महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

**कटनी,यशभारत।** मणिपुर में पिछले दो माह से हो रही हिंसा और महिलाओं के साथ खुलेआम अनाचार के खिलाफ सुभाष चौक में जिला महिला कांग्रेस शहर द्वारा जोरदार प्रदर्शन करते हुए जोरदार नारेबाजी के बीच प्रधानमंत्री का पुतला जलाने की कोशिश की गई। राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन की अगुवाई कर रही महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रजनी वर्मा ने कहा भाजपा के शासन में लगातार महिलाओं की अस्मत के साथ खिलवाड़ हो रहा है और देश के प्रधानमंत्री मौन है। प्रदर्शन के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम खम्परिया, प्रदेश कांग्रेस महासचिव प्रियदर्शन गौर पूर्व महापौर विजेंद्र मिश्र, ग्रामीण अध्यक्ष करण सिंह चौहान, प्रदेश सहसचिव सुमन रजक, ग्रामीण महिला जिलाध्यक्ष माधुरी जैन, महिला उपाध्यक्ष अदिता वर्मा एवं शोभा मंगलानी, जिला कांग्रेस प्रवक्ता श्रेहा खंडेलवाल, ब्लॉक अध्यक्ष लवीना सैमुअल, सरिता कटारे, रुक्मणी पांडेय, मंजू



मिश्रा, शशि यादव, श्वेता कटारे, मनीषा सिंह, भारती सिंह, रत्ना यादव, अलवीना डेविड, लता खरे, कल्पना पाठक आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का करें निराकरण

**कटनी,यशभारत।** सीएम हेल्पलाइन में लाड़ली बहना योजना की लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु निरंतर प्रत्येक टीएल बैठक, विभागीय बैठकों एवं वी0सी0 के माध्यम से अवगत कराये जाने के बाद कमी नहीं आनें के कारण जिले की ग्रेडिंग को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विभाग, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, समस्त सीडीपीओ महिला बाल विकास विभाग एवं रवि शंकर पाण्डेय योजना प्रभारी नगर पालिक निगम कटनी को उपस्थित होकर लंबित शिकायतों का निराकरण कराने के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने संबंसिधत समस्त अधिकारियों को अपने क्षेत्रांतर्गत लंबित शिकायतों के निराकरण प्रतिवेदन सहित निर्धारित समयानुसार 18 जुलाई से 20 जुलाई तक उपस्थित होकर लंबित शिकायतों में शिकायतकर्ता से चर्चा कर शिकायत का निराकरण कराने के निर्देश दिए है।



# छात्राओं ने पौधारोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षक का संकल्प

**कटनी,यशभारत।** ग्राम सरसवाही के शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में में शनिवार को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथी दीपक टंडन सोनी अध्यक्ष की उपस्थिती एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कटनी श्री उरमलिया जी, श्री नितिन पाण्डे सहित पंचायत सरसवाही, कटंगीकला के सरपंच उपसरपंच एवं पंचों की मौजूदगी मे स्कूल की छात्राओं द्वारा पौधारोपण किया जाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में शाला की छात्राओं द्वारा परंपरागत स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान सहायक यंत्री एस.के.खर्द, ए.पी.ओ वर्षा जैन, उपयंत्री खिलेश सार्वे, सचिव संजय द्विवेदी, सहायक सचिव श्री राकेश, शाला प्राचार्य श्री त्रिवाठी जी सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## महापौर व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भूमि पूजन

# संतकवर राम वार्ड व माधवनगर में बनेगी सीसी रोड



**कटनी, यशभारत ।** कटनी नगर पालिक निगम की सक्रिय महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा इन दिनों शहरवासियों को लगातार निर्माण कार्यों की अनेकों ऐतिहासिक सौगातें जा रही हैं। महापौर श्रीमती सूरी द्वारा रविवार का दिन उपनगरीय क्षेत्र माधव नगर के निवासियों को विभिन्न निर्माण कार्यों की सौगातें देने के लिए समर्पित रहा। मध्य प्रदेश शासन के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सड़कों की कायाकल्प सुधारने के मूल उद्देश्य प्रारंभ किए गए कायाकल्प अभियान के प्रथम चरण के तहत संत कंवरराम वार्ड क्रमांक 42 के बाबा नारायण शाह मैरिज गार्डन में आयोजित भूमि पूजन कर पोस्ट ऑफिस के सामने से माधव नगर पहुंच मार्ग तक 67 लाख 60 हजार रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमि पूजन निगम अध्यक्ष मनीष पाठक भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी जिला उपाध्यक्ष सुनील उपाध्याय स्थानीय पार्षद गोविंद चावला एमआईसी सदस्यों वार्ड के सम्मानीय नागरिकों की उपस्थिति में कर वार्डवासियों को समर्पित किया। महापौर श्रीमती सूरी ने आगामी समय पर औद्योगिक क्षेत्र माधव नगर में होने वाले लगभग 7 करोड़ के विकास कार्यों की रूपरेखा बताने के साथ ही संपूर्ण शहर में होने जा रहे विकास कार्यों का भी उन्होंने उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हमारा मूल उद्देश्य शहर के जनहितैषी कार्यो को पारदर्शी तरीके से शासन के तय मापदंडों के अनुसार ही किया जाना चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा महापौर ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह सहित भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का विकास कार्यों में सहयोग प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शहर के विकास में हर संभव सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जिससे कि विकास कार्यों को गति मिल रही है। इस दौरान एमआईसी सदस्य डॉ रमेश सोनी सुभाष साहू अवकाश जायसवाल पार्षद श्रीमती सीमा श्रीवास्तव शकुंतला सोनी श्याम पंजवानी पूर्व पार्षद राजू मखीजा डब्बू रजक सौरभ अग्रवाल संजय खुबचदानी भाजपा नेता खेमचंद पोपटानी करताल लाल महेश होतवाणी सहित नगर निगम के सहायक यंत्री सुनील सिंह उपयंत्री संजय मिश्रा पवन श्रीवास्तव ठेकेदार दीपू जायसवाल एवं वार्ड के वरिष्ठ कनिष्ठ जेस्ट श्रेष्ठ जनों की उपस्थिति रही।कार्यक्रम का संचालन देवीदास सोनी एवं जोधाराम ने किया। आभार प्रदर्शन खेमचंद पोपटानी द्वारा किया गया।

### रफीक बने पसमांदा मंच के यूथ प्रदेश उपाध्यक्ष



**कटनी।** भारतीय पसमांदा मंच के यूथ प्रदेश अध्यक्ष आशिफ रजा कुरैशी ने मंच के सक्रिय कार्यकर्ता मो. रफीक खान को मंच के यूथ प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। अपेक्षा की गई है कि जनसेवा के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए लोगों की समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य करेंगे। नियुक्ति पर शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

# टीम इंडिया का वर्ल्ड कप मोड ऑन, पहला इम्तिहान वेस्टइंडीज से



रोहित-राहुल के सामने 3 चुनौतियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज से टेस्ट सीरीज जीतने के बाद अब रोहित शर्मा एंड कंपनी कैरेबियाई टीम से वनडे में दो-दो हाथ करेगी. इस वनडे सीरीज से टीम इंडिया का वर्ल्ड कप मोड ऑन हो जाएगा. यानी विश्व कप की तैयारी शुरू हो जाएगी लेकिन कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ के सामने 3 चुनौतियां हैं. विश्व कप से पहले टीम इंडिया को इन चुनौतियों से पार पाना होगा. ताकि आईसीसी खिताब का सूखा खत्म हो सके। इस साल भारत में वनडे वर्ल्ड कप होना है. वेस्टइंडीज से टेस्ट सीरीज के बाद अब टीम इंडिया अक्टूबर तक लिमिटेड ओवर क्रिकेट ही खेलेगी. यानी विश्व कप की तैयारी पर पूरा जोर रहेगा. वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद भारत को आयरलैंड से सीरीज खेलनी है. इसके बाद एशिया कप होना है और विश्व कप से पहले भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी भी करेगी. यानी अब सामने विश्व कप है. ऐसे में वेस्टइंडीज सीरीज के जरिए टीम इंडिया अपनी तैयारियों को जांचना शुरू करेगी और जहां सुधार और बदलाव की गुंजाइश है, उस पर काम होगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में टीम इंडिया के सामने 3 चुनौतियां होंगी. पहली विकेटकीपर तय करना. ऋषभ पंत का विश्व कप तक फिट होना मुश्किल है. ऐसे में वर्ल्ड कप में भारत का विकेटकीपर कौन होगा? इस सवाल का जवाब जल्द से जल्द कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ को ढूंढना होगा और वेस्टइंडीज सीरीज में इस पर नजर रहेगी। विकेटकीपिंग में भारत के पास दो विकल्प हैं. एक ईशान किशन और दूसरे संजू सैमसन. वैसे, अगर वर्ल्ड कप की बात करें तो फर्स्ट चॉइस विकेटकीपर केएल राहुल के रहने की उम्मीद ज्यादा है. ऐसे में उनके बैकअप के रूप में संजू या ईशान में से कौन होगा? इसे जल्द तय करना जरूरी है. क्योंकि विश्व कप में जिसे भी ये जिम्मेदारी दी जाएगी, उसे भी तैयारी का मौका मिलना जरूरी है. ऐसे में वेस्टइंडीज सीरीज में इसे फाइनल करने पर टीम मैनेजमेंट की नजर होगी। ईशान किशन को वेस्टइंडीज के खिलाफ दोनों टेस्ट में खेलने का मौका मिला. उन्होंने दूसरे टेस्ट में महज 33 गेंद में फिफ्टी ठोक अपनी उपयोगिता साबित की. दूसरी तरफ, संजू सैमसन चोट से वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में वापसी करेंगे. वो अबतक भारतीय वनडे टीम में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाएं हैं. ईशान ने वनडे में दोहरा शतक ठोका है. टेस्ट में हालिया प्रदर्शन भी उनके वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में खेलने के दावे को मजबूत कर रहा. अब देखना होगा कि कप्तान दोनों में से किसे मौका देते हैं. वर्ल्ड कप के दौरान स्पिन कॉम्बिनेशन कैसा होगा? टीम इंडिया के लिए जल्द से जल्द इसे तय करना जरूरी है. वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में भारतीय टीम मैनेजमेंट की इस पर नजर होगी. सीरीज के लिए कुलचा यानी कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को चुना गया है. इसके अलावा अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा भी हैं. रवींद्र जडेजा स्पिन आक्रमण की अगुआई कर सकते हैं. लेकिन, उनके जोड़ादार के रूप में प्लेइंग-11 में कौन खेलेगा? ये सवाल है. युजवेंद्र चहल लिमिटेड ओवर क्रिकेट में बीते कुछ सालों से टीम इंडिया के लिए अच्छा कर रहे हैं. लेकिन कुलदीप यादव ने भी टीम इंडिया में वापसी के बाद से शानदार गेंदबाजी की है. ऐसे में कप्तान रोहित के सामने ये सवाल होगा कि वो विश्व कप को देखते हुए वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में कुलचा को आजमाएं या फिर चहल के साथ, अक्षर पटेल को मौका दें. कुलदीप और युजवेंद्र की जोड़ी भारतीय कंडीशन में खतरनाक हो सकती है. दोनों का रिकॉर्ड शानदार है।

# पाकिस्तान के खिलाफ हार के बाद लोगों के निशाने पर ये खिलाड़ी, फाइनल में पूरी तरह रहा फ्लॉप

नई दिल्ली, एजेंसी। एशिया कप के फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया की हार के बाद एक खिलाड़ी को जमकर ट्रोल किया जा रहा है। पाकिस्तान ए टीम ने श्रीलंका में खेले गए एमर्जिंग एशिया कप 2023 का खिताब अपने नाम कर लिया है। पाकिस्तान की टीम ने इंडिया ए की टीम को फाइनल में 128 रनों से हरा दिया। इस मैच में तैय्यब ताहिर के शतक और मुबासिर की शानदार पारी से पाकिस्तान ने 352 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया था। जवाब में भारतीय टीम 224 रनों पर ऑलआउट हो गई। इस मैच में टीम इंडिया की बल्लेबाजी पूरी तरह फ्लॉप रही। भारतीय टीम की हार में कई खिलाड़ी जिम्मेदार रहे, लेकिन एक खिलाड़ी ऐसा रहा जिसे सोशल मीडिया पर फैंस इस हार का सबसे बड़ा जिम्मेदार मान रहे हैं।



## टीम इंडिया का ये खिलाड़ी हुआ ट्रोल

एंडिया ए के लिए खेलने वाले रियान पराग एक बार फिर से उनके खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन के चलते ट्रोलिंग का शिकार हो रहे हैं। पाकिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया की हार के बाद से ही ये खिलाड़ी ट्विटर पर लगातार ट्रेंड कर रहा है। फाइनल मुकाबले में 350 रन से ज्यादा के टोटल का पीछा करते हुए टीम के ज्यादातर बल्लेबाज फ्लॉप रहे। रियान से उम्मीद की जा रही थी कि वो एक अच्छी पारी खेलकर टीम को जीत दिलाएंगे। लेकिन ये खिलाड़ी सिर्फ 14 रन बनाकर पवेलियन लौट गया।

## दूसरी बार जीती पाकिस्तान की टीम

पाकिस्तान की क्रिकेट टीम ने लगातार दूसरी बार यह खिताब जीता है। इससे पहले साल 2019 में भी पाकिस्तान की जूनियर टीम ने बांग्लादेश को हराकर यह खिताब जीता था। वहीं टीम इंडिया ने एकमात्र आखिरी बार 2013 में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में यह टाइटल जीता था। यश धुल की कप्तानी वाली इंडिया ए की टीम इस मैच में खराब अंपायरिंग का जरूर शिकार हुई लेकिन खराब गेंदबाजी और मध्यक्रम की खराब बल्लेबाजी भी टीम के हार का कारण रही।

# एशेज खत्म होने से पहले ही हारी इंग्लैंड की टीम, बारिश ने लगाई ऑस्ट्रेलिया की लॉटरी

एशेज सीरीज के चौथे टेस्ट के बारिश से धुल जाने के चलते इंग्लैंड की टीम को बड़ा नुकसान हुआ है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे एशेज सीरीज के चौथे मुकाबले का बारिश के चलते कोई रिजल्ट नहीं निकल पाया। इस मुकाबले के चौथे और पांचवें दिन बारिश के चलते खेल पूरा हो नहीं पाया और इसी के चलते मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। दोनों टीमों के नजरिए से ये मुकाबला भले ही ड्रॉ पर समाप्त हुआ, लेकिन इससे इंग्लैंड की टीम को बड़ा झटका लगा। इंग्लैंड के लिए एशेज जीतने की रेस में बने रहने के लिए इस मैच को जीतना जरूरी था, लेकिन ड्रॉ के चलते ऑस्ट्रेलियाई टीम एक बार फिर इस ट्रॉफी को रिटेन करने में कामयाब रही। और इसी के साथ इंग्लैंड की टीम 2015 के बाद एक बार फिर एशेज जीतने में नाकामयाब रही।



बारिश बनी इंग्लैंड के लिए विलेन

चौथे दिन के अंत में मेजबान टीम का स्कोर 214/5 था और उसे 61 रन की बढ़त हासिल थी। लेकिन अंतिम दिन मौसम की मार भारी पड़ी और एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। अभी तक कुल 72 बार एशेज सीरीज खेली गई है जिसमें से 34 बार ऑस्ट्रेलिया ने जीत दर्ज की है। वहीं 32 बार इंग्लिश टीम ने भी बाजी मारी। इसके अलावा 6 सीरीज ड्रॉ भी रही हैं। अगर पिछली भिड़ंत की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 4-0 से हराया था। इस बार यह सीरीज इंग्लैंड में हो रही है और इंग्लिश टीम शानदार फॉर्म में है तो बदला लेने का उनके पास सुनहरा मौका है। पिछली पांच बार में से तीन बार ऑस्ट्रेलिया ने एशेज पर कब्जा किया है। वहीं इंग्लिश टीम सिर्फ एक बार ही खिताब जीत पाई है जबकि एक सीरीज ड्रॉ रही है। यानी इस बार इंग्लैंड की टीम बाजी पलट सकती है।

## इंग्लैंड का एशेज इंतजार जारी है

**एशेज जीतने के लिए इंग्लैंड का इंतजार जारी है और इस टीम ने 2015 के बाद से ट्रॉफी नहीं जीती है। उसके बाद चार सीरीज खेली गई हैं और हर बार ऑस्ट्रेलिया ने बाजी मारी। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दो सीरीज जीती हैं, जबकि 2019 ड्रॉ पर समाप्त हुआ। मौजूदा 2023 सीरीज में अभी एक मैच बाकी है लेकिन इंग्लैंड एशेज हासिल नहीं कर पाएगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम सीरीज में 2-1 से आगे है और इंग्लैंड अधिकतम पांचवां और अंतिम टेस्ट जीत सकता है। लेकिन इसका मतलब यह होगा कि सीरीज ड्रॉ होगी और ऑस्ट्रेलियाई टीम ट्रॉफी घर लेकर जाएगी।**

# MS Dhoni पूरे करियर में नहीं कर पाए ये काम, ईशान ने सिर्फ दूसरे टेस्ट में ही किया बड़ा कारनामा

ईशान किशन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 52 रनों की पारी खेली और इसी के साथ उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी को पीछे छोड़ दिया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में टीम इंडिया के बल्लेबाजों ने धमाकेदार बल्लेबाजी की। रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने ताबड़तोड़ अंदाज में बैटिंग करते हुए पहले विकेट के लिए 98 रनों की साझेदारी कर ली। इसके बाद ईशान किशन ने भी धमाकेदार पारी खेली। टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज को जीतने के लिए 365 रनों का टारगेट दिया, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने अभी तक 2 विकेट के नुकसान पर 76 रन बना लिए हैं। ईशान किशन ने ताबड़तोड़ अर्धशतक लगाते ही महेंद्र सिंह धोनी को पीछे छोड़ दिया है।

## ईशान किशन ने किया कमाल

ईशान किशन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में अपना डेब्यू किया था, तब उन्हें ज्यादा बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिल पाया था। दूसरे टेस्ट में की पहली पारी में उन्होंने 25 रन बनाए। इसके बाद दूसरी पारी में वह बिल्कुल अलग अंदाज में ही नजर आए। उन्होंने मैदान पर आते ही विस्फोटक बैटिंग की और तेजी से रन बटोरने शुरू कर दिए। उन्होंने सिर्फ 33 गेंदों में ही अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। वहीं, महेंद्र सिंह धोनी ने टेस्ट में सबसे तेज अर्धशतक 34 गेंदों में लगाया था। ईशान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरी पारी में कुल 34 गेंदों में 52 रन बनाए।

# रोहित शर्मा की टेस्ट में टी20 जैसी बल्लेबाजी, 35 गेंदों पर ठोका पचासा; विराट कोहली को भी छोड़ा पीछे

भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला पोर्ट ऑफ स्पेन के क्वींस पार्क में खेला जा रहा है। इस मुकाबले में भारतीय टीम ने पहली पारी में जहां 438 रन बनाए थे। वहीं जवाब में कैरेबियाई टीम 255 रनों पर ही सिमट गई। इस तरह टीम इंडिया को पहली पारी के आधार पर 183 रनों की लीड मिली। दूसरी पारी में शुरुआत से ही भारतीय टीम के मंसूबे साफ थे कि तेजतर्रार रन बनाए जाएं और वेस्टइंडीज के लिए जल्द से जल्द बड़ा टार्गेट सेट किया जाए। वैसा ही हुआ कप्तान रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने टीम को आतिशी शुरुआत दिलाई। रोहित ने 35 गेंदों पर ही पचासा ठोक दिया। इतना ही नहीं रोहित शर्मा विराट कोहली को पीछे करते हुए अब ङ्खञ्ज्ञष्ट इतिहास में टीम इंडिया के टॉप स्कोरर बन गए हैं।



टेस्ट क्रिकेट में रोहित शर्मा का यह सबसे तेज पचासा रहा। उन्होंने युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के साथ पहले विकेट के लिए 11.5 ओवरों में ही 98 रनों की पार्टनरशिप कर डाली। रोहित ने 44 गेंदों पर 57 रन बनाए जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल थे। अपने नए जोड़ीदार यशस्वी का साथ यह उनकी लगातार तीसरी 50 प्लस की पार्टनरशिप भी रही। इससे पहले दोनों बार दोनों ने 100 से ज्यादा की साझेदारी की थी। यह जोड़ी अभी तक भारत के लिए शानदार साबित हुई है। इस सीरीज में अभी तक रोहित शर्मा का शानदार प्रदर्शन रहा है।

## रोहित शर्मा ने मचाई धूम

रोहित शर्मा का इससे पहले वेस्टइंडीज में रिकॉर्ड अच्छा नहीं था। उन्होंने दो मैचों की दो पारियों में सिर्फ 50 रन बनाए थे। लेकिन इस दौरे पर दो मैचों की तीन पारियों में रोहित शर्मा ने 240 रन बनाए। उन्होंने डोमिनिका में 103 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली थी। उसके बाद यहां पोर्ट ऑफ स्पेन में रोहित ने पहले 80 रन बनाए। उसके बाद दूसरी पारी में उन्होंने तेजतर्रार 57 रनों की पारी खेली। इसके अलावा रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट में लगातार 30 पारियों में डबल डिजिट स्कोर बनाने का रिकॉर्ड भी बनाया। इससे पहले कोई भी बल्लेबाज ऐसा नहीं कर पाया था।



# अफेयर की खबरों के बीच फिर साथ दिखे Ananya Panday और Aditya Roy Kapur, कैमरे देखते ही एक्ट्रेस ने छिपाया मुंह!



अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर के डेटिंग की खबरें इन दिनों टॉक ऑफ द टाउन बनी हुई हैं। दोनों की जोड़ी लोगों को पसंद आ रही है। दोनों को एक बार फिर एक साथ स्पॉट किया गया। इस दौरान अनन्या का हाल देखने लायक था। आदित्य रॉय कपूर और अनन्या पांडे। बॉलीवुड में रोमांटिक कपल्स खूब सुर्खियां बटोरते हैं। रणबीर और आलिया, कैटरीना और विक्की कौशल के बाद अब चर्चा में अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर हैं। दोनों की डेटिंग की खबर हर ओर छाई हुई है। सोशल मीडिया पर इनकी तस्वीरें सामने आते ही वायरल हो जाती हैं। हाल में ही दोनों विदेश में एक लंबी वेकेशन बिताकर भारत वापस आए हैं। वेकेशन से दोनों की तस्वीरें खूब वायरल हुई थीं। कुछ तस्वीरों में दोनों एक दूजे की बाहों में नजर आए तो कुछ में दोनों एक दूसरे की आंखों में डूबे दिखे। भारत वापसी के बाद अब दोनों को एक बार फिर साथ देखा गया।

## साथ में दिखे अनन्या और आदित्य

शनिवार देर रात की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें दोनों एक साथ कार में बैठे नजर आए हैं। आदित्य रॉय कपूर ड्राइविंग सीट पर हैं, वहीं अनन्या पांडे उनके बगल बैठी दिख रही हैं। दोनों एक-दूसरे से बात करते नजर आ रहे हैं। वहीं अनन्या कैमरे को देखकर ब्लश कर रही हैं और अपने मुंह हाथ से छिपा रही हैं।

## लोगों ने की तारीफ

इन तस्वीरों को देखने के बाद कई फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड हो गए हैं। वहीं कुछ आलोचना भी कर रहे हैं। एक शख्स ने लिखा, दोनों मुझे पसंद हैं। साथ में कितने अच्छे लगते हैं। इनका कपल शानदार है। वहीं एक और शख्स ने लिखा, ये दोनों साथ में कितने क्यूट लग रहे हैं। ज्यादातर लोग दोनों की तारीफ ही कर रहे थे, लेकिन एक ट्रोलर ने लिखा, ये सब पेड लोग हैं, जो तारीफ कर रहे हैं। एक ने लिखा, अनन्या कैमरा देखकर ड्रामा कर रही हैं। वहीं एक और व्यक्ति ने लिखा, करण जोहर इनका भी ब्रेकअप करा देगा।

## पहली बार यहां दिखे थे साथ

अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर पहली बार दीवाली पार्टी में एक साथ दिखाई दिए थे। उसके बाद से अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर के अफेयर की चर्चा ने जोर पकड़ लिया, लेकिन अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर कभी भी इसे कबूल नहीं किया।

# ओटीटी पर देखें ये खौफनाक हॉरर फिल्में वेब सीरीज, देखते ही उड़ जाएगी रातों की नींद

ओटीटी पर देखें ये हॉरर फिल्में और वेब सीरीज, जो हॉरर लवर दर्शकों को खूब पसंद आएगी। ऐसे में अगर आप भी हॉरर फिल्में-वेब सीरीज देखने के शौकीन हैं तो इस लिस्ट में कुछ जबरदस्त हॉरर मूवी और सीरीज ऐसी भी है, जिन्हें देख आपके भी पसीने छूट जाएंगे।

ओटीटी प्लेटफॉर्म पर हर हफ्ते कुछ न कुछ नया देखें को मिलता है, जिसमें ओटीटी पर रोमांटिक से लेकर कॉमेडी तक कई शानदार वेब सीरीज और फिल्में रिलीज होती है। यह फिल्में और वेब सीरीज अलग-अलग जॉनर की होती है, लेकिन कई लोगों को हॉरर बेस्ड कंटेंट बहुत ज्यादा पसंद होता है। ओटीटी पर ऐसी कई खौफनाक वेब सीरीज और मूवी है, जिन्हें देखने के बाद आपके पसीने छूट जाएंगे। अगर आप अपने वीकेंड को घर बैठे और भी मजेदार बनाना चाहते हैं।

## यू-टर्न

साउथ की हिट हॉरर फिल्म %यू-टर्न% में सुपर नैचुरल पॉवर को दिखाया गया है। इस फिल्म का हिंदी में भी रीमेक बन चुका है। इस फिल्म में श्रद्धा श्रीनाथ लीड रोल प्ले करती नजर आई हैं। फिल्म में ट्रैफिक रुल्स तोड़ने वालों की अचानक होने वाली मौतों को दिखाया गया है, जो एक आत्मा के वजह से होती है। इस फिल्म को हिंदी में एमएक्स प्लेयर पर देख सकते हैं।

## टाइपराइटर

**सुजॉय घोष की इस हॉरर वेब सीरीज को नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है। लोगों ने इस सीरीज को खूब पसंद भी किया है। इसकी कहानी एक हॉन्टेड हाउस के ईर्द गिर्द घूमती है। सीरीज में आपको चार बच्चे देखने को मिलेंगे जो आत्मा को पकड़ने की कोशिश करते हैं।**

## भ्रम

इस फिल्म की कहानी एक लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है। ये फिल्म 2019 में रिलीज हुई थी। भूमिका चावला भी इस सीरीज में दिखाई देती हैं। इस सीरीज का मजा आप जी5 पर उठा सकते हैं। ये एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर वेब सीरीज है।

## 1920 लंदन

विक्रम भट्ट ने सबसे पहले 1920 को साल 2008 में रिलीज किया था, जो की लोगों को बहुत पसंद आई थी। इस के बाद उन्होंने 1920 लंदन तीसरी फिल्म बनाई थी। डायरेक्टर टीनू सुरेश देसाई ने इस फिल्म से डायरेक्शन में अपना डेब्यू किया। इसे भी आप जी5 पर देख सकते हैं।



**कंचना** - सुपरहिट हॉरर मूवी %कंचना% को जनता से काफी अच्छे रिव्यू मिले थे और लोगों को ये फिल्म भी बहुत पसंद आई थी। इस फिल्म को यूट्यूब पर या फिर ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देखा जा सकता है।

**रात अकेली है** -रात अकेली है एक मिस्ट्री-थ्रिलर हॉरर फिल्म है। निर्देशक के रूप में कास्टिंग डायरेक्टर हनी त्रेहन की यह पहली फिल्म है। राधिका आप्टे और नवाजुद्दीन सिद्दीकी लीड रोल में हैं। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

# Palak Tiwari के साथ मूवी डेट से बाहर आ रहे थे सैफ के लाडले Ibrahim, कैमरा देखते ही बोले- मीडिया एकदम मुंह में घुस गया है!

पलक तिवारी और इब्राहिम अली खान आए दिन एक साथ स्पॉट किए जा रहे हैं। दोनों को एक बार फिर साथ स्पॉट किया गया। इसी दौरान पैपराजी को इब्राहिम अली खान का गुस्सा भी देखने को मिला। पलक तिवारी और इब्राहिम अली खान ने एक डेट पर जाते हुए रिलेशनिशप की अफवाहों को हवा दी थी, जब पलक अपना चेहरा छिपाते दिखी थी। उसके बाद पलक तिवारी ने कहा है कि वह इब्राहिम अली खान के साथ सिर्फ कैजुअल फ्रेंड हैं। दोनों की बीच बहुत गहरी दोस्ती भी नहीं है। उन्होंने रिलेशन को झुठला दिया, लेकिन वो लगातार इब्राहिम के साथ स्पॉट की जा रही हैं। एक बार फिर दोनों को एक साथ मूवी डेट पर स्पॉट किया गया। दोनों को साथ देखने के बाद फैंस काफी खुश नजर आए, लेकिन पैपराजी के कैमरों ने शायद इब्राहिम अली खान परेशान कर दिया।

**इब्राहिम को आया गुस्सा**- हाल में ही एक वीडियो सामने आया है, जिसमें मूवी देखने के बाद सैफ अली खान के लाडले इब्राहिम अली खान बाहर आ रहे हैं।



उनके हाथ में पलक तिवारी की जैकेट है। वो इस दौरान फोन पर किसी से बात कर रहे हैं। उनके कहते सुना जा सकता है, आ जाओ, आ जाओ, मीडिया भी है यहां पर, जो मेरे मुंह में घुस गया है और एकदम मेरे मुंह में घुस गया है। इसके बाद उन्होंने मीडिया को हेलो बोला और बाहर आ गए। वीडियो अब तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में पलक नजर नहीं आ रहीं, लेकिन इंब्राहिम को मीडिया के बीच से निकलते देखा जा सकता है।

साथ में नजर आए पलक और इब्राहिम-इससे ठीक पहले एक और वीडियो सामने आया था, जिसमें दोनों साथ नजर आ रहे थे। दोनों ही ब्लैक और व्हाइट आउटफिट में नजर आ रहे थे। दोनों ज्यादातर ट्विन करते नजर आते हैं। पलक मीडिया को देखकर ब्लश करती नजर आ रही थीं। वहीं इब्राहिम भी शर्माते नजर आए थे। बताया जा रहा है कि दोनों बार्बी देखने पहुंचे थे।

## सलमान की फिल्म से किया डेब्यू

सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली पलक इस वक्त सुर्खियां बटोर रही हैं। उनकी परफॉर्मेंस ने उन्हें बहुत तारीफ दिलाई। वहीं इब्राहिम सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे हैं और धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म सरजमीन से डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसमें वह एक सैनिक की भूमिका निभा रहे हैं।


## पलक ने कही थी ये बात

वहीं बात करें उस इंटरव्यू का जिसमें पलक तिवारी से इब्राहिम अली खान के साथ डेटिंग की अफवाहों पर उनकी मां श्वेता तिवारी की प्रतिक्रिया के बारे में पूछा गया था, जिस पर उन्होंने जवाब दिया था, किसी भी अन्य मां की तरह, वह भी आशंकित रहती हैं। पलक ने खुलासा किया, वह अक्सर सोचती हैं कि क्या मैं अपनी बेटी को बहुत ज्यादा बाहर भेज रही हूं या वह बहुत ज्यादा पार्टी कर रही है?। जब वह इन डेटिंग अफवाहों को देखती है, तो वह मुझे लिंक भेजती हैं और मुझसे पूछती हैं कि यह कौन है या कहां से आया और मेरे जवाब होते हैं कोई नहीं है क्योंकि सच में कोई नहीं है। मेरी लाइफ में सिर्फ मेरी मां, मेरा भाई और मैं हूं।








संत शिरोमणि श्री रविदास
स्मारक निर्माण
समरसता यात्रा
25 जुलाई से 12 अगस्त 2023
• सिंगरौली • बालाघाट • श्योपुर • धार • नीमच से एक साथ प्रारंभ
मुख्यमंत्री
शिवराज सिंह चौहान द्वारा
शुभारंभ
25 जुलाई 2023
रामलीला मैदान, वैढन, जिला सिंगरौली
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
मिट्टी एवं पादुका पूजन
सभी विकासखण्ड की नदियों से जल संग्रहण
यात्रा में प्रतिदिन सद्गुरू के जीवन पर आधारित संवाद आयोजन
स्मारक शिलान्यास एवं यात्रा पूर्णता कार्यक्रम
12 अगस्त 2023 | बड़तूमा, जिला सागर
शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री
D-11070
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@CMmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
मध्यप्रदेश शासन
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023